इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208



## पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत: उत्तराखंड में स्कूल बंद

### पंजाब : बाढ़ पीड़ितों के लिए 1 महीने की सैलेरी जमा कराएंगे आप सांसद-विधायक

पठानकोट/शिमला/गुरुग्राम/दिल्ली। पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं।



राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सोमवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटकों से फिर दहला अफगानिस्तान

काबुल। अफगानिस्तान में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 दर्ज की गई है। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, झटके स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजकर 59 मिनट पर महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में 34.55 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.68 डिग्री पूर्वी देशांतर पर, धरती की सतह से लगभग 130 किलोमीटर गहराई में स्थित था।



**भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा 1400 के पार**

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, आज आए भूकंप के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना अब तक नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप का केंद्र अधिक गहराई में होने के कारण झटके अपेक्षाकृत कम प्रभावी रहे। इससे पहले रविवार रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा 1400 के पार पहुंच गया है और करीब 3,000 लोग घायल हुए हैं। अभी भी राहत टीमें मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। यह भूकंप एक पहाड़ी क्षेत्र में आया था, जिससे कई गांवों में घर पूरी तरह ढह गए और लोग घंटों तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गाली-गलौज पर पीएम मोदी का विपक्ष पर हमला: बोले- ये सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, पूरे देश की मां-बहन-बेटी का भी अपमान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी पर तीखा हमला बोला। भावुक स्वर में पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले बिहार की धरती पर मेरी मां का अपमान RJD-कांग्रेस के मंच से किया गया, जिसकी कल्पना भी उन्होंने कभी नहीं की थी।



पीएम मोदी ने कहा, मां हमारी दुनिया है, मां हमारा आत्मसम्मान है। कुछ दिन पहले परंपराओं से समृद्ध बिहार की धरती पर मेरी मां का अपमान हुआ। यह सिर्फ मेरी मां का नहीं, बल्कि बिहार और पूरे देश की माताओं-बहनों का अपमान है। मैं जानता हूं, जितना दर्द मेरे दिल में है उतना ही दर्द बिहार की जनता के दिल में भी है।

### भावुक हुए पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, फिर भी विपक्ष ने उनके लिए अपशब्द कहे। उन्होंने कहा, मेरी मां ने मुझे अलग कर दिया ताकि मैं करोड़ों माताओं की सेवा कर सकूं। अब वह इस दुनिया में नहीं हैं। वह मां जिसने 100 साल पूरे किए और साधारण जीवन जिया, उसे भी बख्शा नहीं गया। यह बहुत ही दुखद और पीड़ादायक है।

पीएम मोदी ने अपने बचपन की याद साझा करते हुए कहा, मेरी मां ने हमें बेहद गरीबी में पाला। वह कभी अपने लिए नई साड़ी तक नहीं खरीदती थीं और हर पैसा परिवार के लिए बचाती थीं। देश की करोड़ों माताएं भी ऐसी तपस्या करती हैं। यह पूरी व्यवस्था डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित होगी, जिससे धन सीधे जीविका दीदियों के बैंक खाते में जाएगा। इसके लिए 12,000 सामुदायिक कार्यकर्ताओं को टैबलेट दिए जा रहे हैं। यह कदम 20 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को फायदा पहुंचाएगा और उनके छोटे उद्यमों को मजबूत करेगा।

## बीआरएस में सियासी घमासान: तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर ने बेटी के.कविता को पार्टी से हटाया

नई दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति में अंदरूनी कलह ने नया मोड़ ले लिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अपनी बेटी और विधान परिषद सदस्य के.कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है। कहा, बेटी कविता पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल है।



**हरिश राव पर गंभीर आरोप**

के कविता के खिलाफ मंगलवार, 2 सितम्बर को यह कार्रवाई उस समय की गई है, जब उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं हरिश राव और जोगिनपल्ली संतोष कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी व्यक्त की।

### क्या हैं के.कविता के आरोप?

के. कविता ने बीआरएस के सीनियर नेता हरिश राव और संतोष राव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा, दोनों नेता उनके पिता केसीआर की छवि खराब कर रहे हैं। इस साजिश के पीछे तेलंगाना के मौजूदा मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का हाथ है। वह ही केसीआर को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। के. कविता दिल्ली शराब घोटाले को लेकर जेल में बंद थीं। जेल से रिहा होने के बाद उनके और पिता केसीआर के बीच सियासी मतभेद बढ़ गए हैं। कविता ने उनके करीबी हरिश राव और संतोष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रम्प के सलाहकार बोले-मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक : उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए

वॉशिंगटन डीसी। ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है।



नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं।

### अमेरिकी वित्तमंत्री बोले- मोदी की एससीओ बैठक दिखावा

अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मॉस्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। फॉक्स न्यूज से बातचीत में बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## देश में पहली मर्तबे 'डिजीटल जनगणना' होगी

## गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए 14,619 करोड़ रूपए मांगे

नई दिल्ली (सं.न्यू.)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 2027 की जनगणना के लिए 14,618 करोड़ रूपयों का बजट पेश किया है। यह पहली ''डिजिटल जनगणना'' होगी। जिसमें जाति का डाटाज भी इलेक्ट्रानिक रूप से एकत्रित किया जावेगा। पहले चरण में मकानों की सूची है, जो अप्रैल से सितम्बर 2026 तक चलेगी और दूसरे चरण में जन गणना होगी। जो फरवरी 2027 से देश में शुरू होने जा रही है।

इस माह की शुरूवात में केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन भारत के रजिस्ट्रार जनरल ने व्यय वित्त समिति की मंजूरी के लिए एक टिप्पणी दर्ज की थी। उल्लेखनीय है कि, ईएफसी, वित्त मंत्रालय अधीन की एक केन्द्रीय संस्था है। जो सरकारी योजनाओं और प्रोजेक्टस् का मूल्यांकन करती है। ई.एफ.सी. के पास से स्वीकृति मिलने के बाद गृह मंत्रालय केन्द्रीय मंत्रीमंडल की मंजूरी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

### जनगणना छह वर्षों के विलम्ब के बाद की जा रही है

केन्द्र ने 16 जून 2027 से जनगणना के लिए सूचना जारी की थी। यह प्रथम मरतबे है कि दशक की जनगणना 6 वर्षों से लम्बित है। 2021 की जनसंख्या भी दो चरणों में करने का आयोजन था। अप्रैल से सितम्बर 2020 तक मकानों की सूची अभियान और फरवरी 2021 तक जनगणना होनी थी, परन्तु, कोविड-19 रोग फैलने के कारण वह कार्य नहीं हो सका था। सूचित हो कि मकानों की सूची के दौरान घर, घर की सुविधाएं और परिवारों के मालिकी की सम्पत्ति की स्थिति का विवरण एकत्रित किया जाता है।

## आप विधायक हरमीत सिंह पंजाब पुलिस की गिरफ्त से फरार, कॉन्स्टेबल पर चलाई गोली!

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी के नेताओं में अंदरूनी कलह अब उजागर हो रही है। हाल ही में आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भगवंत मान सरकार पर सवाल उठाए थे। अब उनके खिलाफ एक्शन हो गया है। आज सुबह पंजाब पुलिस ने हरमीत सिंह को गिरफ्तार किया था। हालांकि वो पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गए।



जानकारी के अनुसार, एक महिला ने पंजाब पुलिस को शिकायत देते हुए खुद को मनजीत की पत्नी बताया और उन पर धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और बलात्कार के आरोप लगाए। ये मामला जीरकपुर की एक महिला ने दर्ज कराया। महिला ने आरोप लगाया कि विधायक ने खुद को तलाकशुदा बताया और उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद साल 2021 में उन्होंने शादीशुदा होते हुए भी दोबारा शादी कर ली।

बता दें कि हरमीत सिंह पठानमाजरा पंजाब के सनौर से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। मंगलवार को सुबह पंजाब पुलिस ने उन्हें बलात्कार के पुराने मामले में गिरफ्तार किया। हालांकि गिरफ्तारी के कुछ देर बाद ही हरमीत पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब पुलिस विधायक हरमीत सिंह को लेकर थाने जा रहे थे। इसी दौरान उनके समर्थकों ने पुलिस पर फायरिंग की। वे फॉर्चुनर और स्कॉर्पियो लेकर आए थे। पुलिस ने फॉर्चूनर जब्त कर ली है। वहीं विधायक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, इस घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

46 वर्षीय हरमीत सिंह पठानमाजरा आम आदमी पार्टी के सनौर से विधायक हैं। साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने अकाली दल के नेता हरिंदर पाल सिंह चंदूमाजरा को लगभग 50 हजार वोटों के अंतर से हराया। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत 1994 में अकाली दल से की थी। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस, पंजाब एकता पार्टी समेत कई पार्टियों से हाथ मिलाया। इसके बाद साल 2020 में उन्होंने आम आदमी पार्टी जॉइन की। वो जनता के लिए काम करते आए हैं और जनता के मुद्दों को सरकार के सामन उठाते आए हैं।

## 379 केस तो 20 वर्षों से चल रहे हैं सीबीआई के भ्रष्टाचार से जुड़े 7072 केसेज

नई दिल्ली (सं.न्यू.)। देश की ट्रायल कोर्ट में सीबीआई के द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार के 7072 केसेज पेंडिंग होने की चौकाने वाली जानकारी प्राप्त हुई है। चकित करने वाली बात यह कि 379 केसेज तो पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से पेंडिंग है। सेन्ट्रल विजिलेन्स कमिशन (सीवीसी) की रिपोर्ट में उक्त जानकारी दी गई है। 1988 के प्रिवेन्शन आफ करप्शन एक्ट अधीन सरकारी संस्थाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार के केसों को सीवीसी के द्वारा पकड़ा जाता है। सी.बी.आई. के साथ मिलकर सी.वी.सी. भ्रष्ट मामलों की जांच करती है। कुल पेन्डिग केसों में 1506 केसेज पिछले तीन वर्षों से कम, जब कि 791 केसेज तीन वर्षों से अधिक किन्तु 5 वर्षों से कम समय से पेंडिंग हैं। 2115 केसेज 5 वर्षों से अधिक किन्तु 10 वर्ष से कम समय से पेन्डिग है। 2281 केस 10 वर्ष से अधिक किन्तु 20 वर्षों से भी कम समय से और 379 केसेज 20 वर्षों से भी अधिक समय से पेन्डिग है। रिपोर्ट में दर्ज है कि 31 दिसम्बर 2024 के दिन 7072 केसेज चले बगैर पेंडिंग रहे थे। जिसमें 2024 के अंत में 2660 केस 10 वर्षों से भी अधिक समय से पेंडिंग होना बताया है। सीबीआई के द्वारा आरोपियों के सामने 13,100 अपील्स और रिविजन आवेदन फाइल किए गए थे। अधिकांश केसेज हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चल रहे थे।

**ट्रायल कोर्ट में पेंडिंग**

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक
न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

## मनोज जरांगे ने तोड़ा अनशन, मराठा आरक्षण देने पर राजी महाराष्ट्र सरकार, कुनबी प्रमाण पत्र के लिए बनेगी कमेटी



मुंबई। मुंबई के आजाद मैदान में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन मंगलवार 2 सितंबर 2025 को समाप्त हो गया। मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे-पाटिल ने पांच दिन की भूख हड़ताल के बाद सरकार के आश्वासन पर अपना अनशन तोड़ दिया। महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से मुलाकात कर उनकी मांगों पर सहमति जताई, जिसके बाद उन्होंने रात 9 बजे तक आजाद मैदान खाली करने की घोषणा की। यह घटनाक्रम बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद आया, जिसमें प्रदर्शनकारियों को दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने का निर्देश दिया गया था। मराठा समुदाय के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कोटे के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर जरांगे 29 अगस्त से आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थे। उनकी प्रमुख मांग थी कि मराठवाड़ा क्षेत्र के मराठों को कुणबी के रूप में मान्यता दी जाए, क्योंकि कुणबी एक कृषक उपजाति है, जो OBC श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाती है। जरांगे ने हैदराबाद, सतारा, औरंग और बॉम्बे गजट के आधार पर कुणबी प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की थी। इसके अलावा, उन्होंने 2023 और 2024 के आंदोलनों के दौरान प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मामलों को वापस लेने और मराठा युवाओं के परिवारों को मुआवजा देने की मांग भी की थी। मंगलवार को जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटिल, माणिकराव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गृहमंत्री शाह से मिले सीएम साय: दो घंटे तक चली मुलाकात

दिल्ली-रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब दो घंटे तक बैठक चली। जिसमें सीएम श्री ने नक्सल विरोधी अभियानों की जानकारी दी। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले सबसे लंबे नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों का सम्मान किया।



**नक्सल विरोधी अभियानों की दी जानकारी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों मिले और उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया। कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले सबसे लंबे नक्सल ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने 31 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया था। यह अभियान छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर अप्रैल-मई माह में चलाया गया था। सम्मान समारोह में उनके साथ छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा को भेजा नोटिस; दो EPIC नंबर मामले में कार्रवाई

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के दो पहचान पत्र नंबर को लेकर अब उनकी मुसीबतें बढ़ने वाली हैं। इस मामले में चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नई दिल्ली के जिला निर्वाचन कार्यालय ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराने के लिए नोटिस भेजा है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में इस मामले में खेड़ा से जवाब मांगा गया है। निर्वाचन अधिकारी ने उनको 8 सितंबर को सुबह 11 बजे तक का समय दिया है। जारी नोटिस में जिला निर्वाचन अधिकारी के हवाले से कहा गया है, मेरे संज्ञान में लाया गया है कि आपने अपना नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में पंजीकृत कराया है। जैसा कि आप जानते होंगे कि एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च, रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

नई दिल्ली। सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी के सहयोग से तैयार किया गया है। यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी –55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे।



इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, ⸝स्त्रड्डु प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553B बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे स्ष्टरुकी चंडीगढ़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### श्रीकृष्ण भक्ति का रंग यशोदा कान्हा के संग



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) में मदर एण्ड चाइल्ड डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चे और उनके पालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का थीम कृष्ण भक्ति था। बच्चे कान्हा और उनकी माता यशोदा की वेशभूषा में सुसज्जित होकर शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया। प्री-प्रायमरी से प्रथम योग्यता साहू/प्रेमिन साहू, द्वितीय ईशांत दामले/मनीषा दामले, तृतीय अयांश कुर्रे/आरती कुर्रे सांत्वना जीविका राजपूत/रोशनी राजपूत को प्राप्त हुआ। प्रायमरी से प्रथम शौर्य यादव/दुलारी यादव द्वितीय जान्हवी गढ़पायले/अंजू गढ़पायले तृतीय स्थान धान्या साहू/पिलेश्वरी साहू को प्राप्त हुआ। शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि कान्हा और यशोदा के ममत्व से आज विद्यालय प्रांगण गोकुल, मथुराधाम सा लग रहा है। उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों को बधाई दी। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्ढा एवं सभी पदाधिकारियों ने विजेता पालकों एवं बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### स्टेट स्कूल में 9वीं की छात्राओं को सायकल वितरण



राजनांदगांव (दावा)। आज 2 सितंबर को महंत राजा बलराम दास शा. उच्चतर विद्यालय राजनांदगांव जिसे स्टेट स्कूल के नाम से भी जाना जाता है, में कक्षा नवमी की छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल, सदस्य के रूप में पार्षद राजा माखीजा एवं पार्षद प्रमोद झंझाड़े, आकाश चोपड़ा, गोलू गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। श्री राजपूत ने छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए डॉ. रमन सिंह की साइकिल वितरण योजना को एक अनुपम सौगात बताया। इस अवसर पर साल के प्राचार्य हेमंत सिंह ने भी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छी सुविधा शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस पर उन्होंने अपनी रोशनी डाली। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक उपस्थित थे एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता एस.पी. तिवारी ने किया।

### चिखली पुलिस ने अशांति फैलाने वाले बदमाशों को धर दबोचा

**प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत की गई कार्यवाही**

राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाशों को धर दबोचा और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

चौकी प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में गणेश पक्ष मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर मंगलवार 2 सितम्बर को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश अभिषेक यादव पिता राजेश यादव उम्र 19 साल निवासी स्टेशनपारा व सुनील चंदेल पिता रोहित चंदेल उम्र 24 साल निवासी शंकरपुर को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आदेशानुसार उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### पूर्व सरपंच राजेश कुमार साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। सुरगी कोटराभांठा के पूर्व सरपंच राजेश कुमार साहू का 2 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। ग्राम सुरगी निवासी जीवनलाल साहू के ज्येष्ठ पुत्र राजेश कुमार साहू का अंतिम संस्कार आज 3 सितंबर को सुबह 10 बजे कोटराभांठा (सुरगी) के मुक्तिधाम में किया जायेगा। मृदु व्यवहार के धनी राजेश कुमार साहू के निधन पर ग्रामवासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
01st Sep to 04th Sep 2025



Param Sundari - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Dantela (C.G) - 12:00 pm
War 2 - 06:00 pm
Coolie - 12:00, 03:15 and 09:15 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 3 खेल
फिल्म की लंबाई होने के कारण समय पर ध्यान दें
दन्तेला
हॉरर फिल्म
शो समय : 11.45 दिन में, 3.45 दोपहर व 8.30 रात में



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# गणेशोत्सव देखने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, शहर में बिखरी रौनक

**○ बारिश थमते ही, गांव-देहात से आने लगे श्रद्धालु**
**○ जलाशयों-बैराजों में भरा 90 प्रतिशत पानी, कृषि हुआ खुशहाल**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में बारिश का सिस्टम अभी बना हुआ है। भादों मास की बिदाई बेला में बरखा रानी मेहरबान बनी हुई है। सोमवार की सुबह साढ़े 7 बजे से लेकर 9 बजे के बीच जमकर हुई। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ। शहर के निचली बस्तियों में पानी भर गया वहीं जिले के नदी नालों में खासा पानी भर गए। बैराज जलाशयों में 90 प्रतिशत पानी भर गया हैं।

बता दें कि गणेश चतुर्थी पर्व के पहले से ही तीजा मनाने मायके आई तीजहारिन महिलाएं अभी रुकी हुई है। गणेश विसर्जन देख कर ही जाएंगी। लेकिन बीच-बीच में हुई बारिश से गांव-देहातों से शहर में गणेश दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के पाव थम से गए। इससे शहर में भींड़ कुछ कम देखने को मिला। सोमवार को सुबह 9 बजे से लेकर साढ़े 11 बजे तक जमकर बारिश हुई लेकिन रात में आकाश के खुला होते ही गणेशोत्सव देखने लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। इससे शहर में रौनक बनी रही है। शहर के आजाद चौक, सदर बाजार रोड ढीमर पारा, ब्राह्मण पारा, कामठी लाइन रोड, जमातपारा चौक, गंज लाइन आदि जगहों में स्थापित की गई एक से बढ़कर एक मनोहारी गणेश प्रतिमा और नवरत्न मंडल सहित महावीर चौक व भदौरिया चौक में स्थल सजावट झांकी को देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। विविध रुपों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं लोगों का जहां ध्यान आकर्षित कर रही है वहीं जगह-जगह इन गणेश पंडालों में भगवान विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना के बाद बंटने वाली प्रसादी, महाप्रसादी पाने के लिए लोग टूट पड़े रहे हैं। इससे मुख्य रास्तो में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।



### आशीर्वाद मंडल गंज चौक में दर्शनार्थियों की भीड़

शहर के गंज चौक में आशीर्वाद मंडल द्वारा आकर्षक पंडाल में स्थापित किए गए शिव परिवार वाली मनोहारी गणेश प्रतिमा को देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही भीड़। यहां रोजाना पूजा-पाठ उपरांत बंटने वाली महाप्रसादी पाने के लिए भक्त जन उमड़ पड़ रहे हैं। यही नहीं आशीर्वाद मंडल के भव्य गणेश पंडाल में बाजे-गाजे के साथ जहां वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच पूजा अर्चना का माहौल बना हुआ है वहीं रोजाना रात में भजन-कीर्तन, जस गीत गान व अन्य कार्यक्रम होने से श्रद्धालु का मजमा लग रहा है। आलम यह है कि लोगों को इस भीड़ से बच कर निकल पाना मुश्किल जा रहा है। इससे लोगों रास्ता बदलकर अपने गंतव्य के लिए रवाना होने की नौबत आ रही है।

इस बार गणेशोत्सव पर्व में बारिश का सिस्टम बना हुआ है। कुछ समय को छोड़ दें तो लगभग रोजाना किसी भी समय बारिश हो रही है। हालांकि इस बारिश से धान की फसल के साथ कृषि व्यवस्था खुशहाल हुई है।

### सामान्य से 14 प्रतिशत ज्यादा हुई बारिश

बता दें कि इस बार की आषाढ़ सावन के बाद भादों मास में अच्छी बारिश हुई। जिले में अब तक 783 मिमी औसत बारिश हो चुकी है जो पिछले 10 वर्षों में औसत बारिश 686 रिकॉर्ड की गई थी। सामान्य से 14 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। बताते चलें कि जिले में अब तक के सीजन के कुल बारिश का 75 प्रतिशत कोटा पूरा हो गया है।

सावन मास के बीतते ही भादों मास के दूसरे पखवाड़े में ठीक-ठाक बारिश हुई इससे चिपचिपी गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत तो मिली लेकिन अभी भी उमस का माहौल खत्म नहीं हो पाया है। हालांकि सावन- भादों माह में अभी तक हुई बारिश से जिले व आसपास के नदी- नाले व बैराजों-जलाशयों में 90 प्रतिशत पानी भर गया है। इससे धान की फसल के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता बन आई है खेतों में पर्याप्त पानी है इसलिए फिलहाल सिंचाई की जरूरत नहीं है। इससे किसानो के चेहरे से तनाव लगभग गायब दिख रहा है। किसानों द्वारा उम्मीद की जा रही है कि इस बार धान का उत्पादन बढ़ेगा जिससे उनके हाथ गर्म रहेंगे।

### जलाशयों-बैराजों में भरा 90 प्रतिशत पानी

सावन भादो मास में हुई अच्छी बारिश से जिले का मटिया मोती जलाशय, रुसे बांध, खातूटोला बैराज, मड़ियान, ढारा, सूखानाला सहित एमएमसी जिले के मोंगरा जलाशय व अन्य बेराज जलाशयों में पानी का पर्याप्त भराव हो गया है। बता दें कि इस सीजन में मोंगरा जलाशय के अलावा अन्य बैराजों से लगभग तीन-चार बार पानी छोड़ा जा चुका है। इन जलाशयों के लगातार पानी छोड़े जाने से शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ में भी भरपूर पानी भर गया है। इससे मोहारा एनीकट छलकने लगा है। नदी जलाशयों में भरपूर पानी भरे रहने से किसानों से लेकर आम जनों में भी खुशी देखी जा रही है।

शहर से कुछ दूरी पर स्थित मटिया मोती जलाशय में अभी 92.63 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। इसी तरह डोंगरगांव क्षेत्र के सूखानाला में 83.3 , खातू टोला में 69.64, घुमरिया नाला में 76.10, डोंगरगढ़ क्षेत्र के रुसे और ढारा जलाशय में 100 प्रतिशत पानी भरा है। पिपरिया जलाशय में 98.81 प्रतिशत तो अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के मोंगरा जलाशय में 81.19 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो अभी तीन-चार दिनों तक मौसम के खुला रहने की बात कही जा रही है। बारिश के अचानक थमने से तापमान में वृद्धि होना संभावित है।

## आज श्री राम लला दर्शन यात्रा के लिए अयोध्या धाम रवाना होगी विशेष ट्रेन

**श्री राम लला दर्शन के यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आएंगे डॉ. रमन सिंह**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'श्री रामलला दर्शन यात्रा' विशेष पर्यटक ट्रेन का संचालन छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से भारतीय रेलवे द्वारा भारत गौरव पर्यटक विशेष ट्रेन 'श्री रामलला दर्शन यात्रा' चलाई जा रही है। यह विशेष ट्रेन यात्रियों को अयोध्या धाम में श्रीरामलला के दर्शन हेतु लेकर जाएगी। इस ट्रेन का संचालन दो फेरों में किया जा रहा है, जिसका पहला फेरा 06 अगस्त से 09 अगस्त तक किया गया। दूसरा फेरे के लिए आज 3 सितम्बर (बुधवार) से 06 सितम्बर (शनिवार) को उक्त पर्यटक ट्रेन रवाना होगा।

स्टेशन मास्टर राजेश कुमार बर्मन ने बताया कि श्री राम लला दर्शन वाली उक्त यात्री ट्रेन आज सुबह 11:20 बजे 1 नंबर प्लेट फार्म में लग जाएगी। श्री राम लला दर्शन के यात्रियों को अयोध्या ले जाने वाली उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाने व श्री राम लला दर्शन के यात्रियों छोड़ने संभवतः विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। इस दौरान रेल्वे स्टेशन पर नेताओं व श्री राम लला दर्शन यात्रियों के परिजनों की भीड़ रहेगी।

आज श्री राम लला दर्शन क लिए स्थानीय रेल्वे स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेन विवरण इस तरह है। ट्रेन संख्या 08853 राजनांदगांव से प्रस्थान कर दुर्ग, उज्जैन, शहडोल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, भदोही होते हुए बनारस पहुंचेगी। इसके बाद अयोध्या धाम तक जाएगी। ट्रेन संख्या 08854 अयोध्या धाम से वापसी यात्रा प्रारंभ कर बनारस, प्रयागराज, मानिकपुर, सतना, कटनी, शहडोल, उज्जैन, दुर्ग होते हुए राजनांदगांव पहुंचेगी। यह यात्रा धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें श्रद्धालु अयोध्या धाम में श्रीरामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करेंगे।

## महापौर मधुसूदन यादव ने लखोली के सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में की विशेष पूजा



राजनांदगांव (दावा)। गणेश चतुर्थी के पांचवें दिन पंचमी पर लखोली स्थित मां अंबे धाम सिद्धि विनायक गणेश मंदिर का माहौल भक्तिमय रहा। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव विशेष पूजा-अर्चना में शामिल हुए। मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर भगवान गणेश की तस्वीर, आरती पत्रिका और प्रसाद भेंट किया।

महापौर मधुसूदन यादव ने पूजा के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक उत्सव नहीं है बल्कि यह सामाजिक एकजुटता और राष्ट्रीयता की भावना का प्रतीक भी है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने अंग्रेजी शासन के दौरान इस पर्व को सार्वजनिक रूप देकर लोगों को संगठित किया था। गणपति उत्सव ने देशवासियों को एक धागे में पिरोकर स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूती दी। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं और उनकी आराधना से जीवन की सभी बाधाएं दूर होकर कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले गणेश जी का स्मरण करना भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग है। गणपति को ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन आयोजित हो रहे भंडारे में महापौर यादव ने भी श्रद्धालुओं संग प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि लगातार 11 दिन तक हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करना सेवा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण है। मंदिर समिति के संरक्षक एवं पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर ने जानकारी दी कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रत्येक दिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु भारी संख्या में सम्मिलित हो रहे हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202508095200063**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व
सनः- 2024-2025 हरनसिंघी प.ह.नं. 00021 (हे.) पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राम्हीन पटेल, अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राम्हीन पटेल ध.प. राजबब्बर निवासी ग्राम हरनसिंघी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पुत्र नमन पटेल आ. राजबब्बर का जन्म दिनांक 10.01.2016 को ग्राम हरनसिंघी में होने के कारण अपने पुत्र नमन पटेल आ. राजबब्बर का जन्म तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 12.09.2025 के पूर्व शाम 5.30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया गया है।

MEGHA JAIN
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
1-4-7
340-7 447-5
राजधानी
6-8-0
200-2 370-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## सुमति मंडल में हर्षोल्लास से बिराजे गणपति बप्पा, दर्शनार्थियों की उमड़ी भीड़



**भगवान गणेश प्रतिमा स्थापना के 103 वर्ष पूरे कर चुका सुमति मंडल**

राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी नगरी की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा में शहर की सबसे पुरानी सुमति मंडल का महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है। इस वर्ष भी यहां धूमधाम के साथ ऋद्धी सिद्धि वाली भगवान श्री गणेश प्रतिमा का स्थापना किया गया।

बताया जाता है कि शहर के कामठी लाइन में गणेश स्थापना परंपरा वर्षो से निभाती आ रही सुमति मंडल की बुनियाद सन् 1922 में रखी गई थी । उक्त समिति 103 सालों का सफर तय कर चुकी है। सुमति मंडल के संस्थापकों में स्व.उमाशंकर अग्रवाल, स्व. देवीचंद चौरड़िया, श्याम सुन्दर लोहिया के नाम शुमार है जिनके द्वारा सुमति मंडल की बुनियाद रखी गई थी। इन महानुभावों द्वारा शहर के कामठी लाइन में स्थापित की गई गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा आज भी अनवरत रुप से जारी है जहां धूमधाम के साथ 11 दिनों तक गणेशोत्सव पर्व मनाया जाता है।

बताते चलें कि सुमति मंडल के अध्यक्ष भाई अशोक लोहिया और समिति के सदस्यों की उपस्थिति में प्रतिदिन भगवान विघ्नहर्ता गणेश जी की दोनों प्रहर पूजा अर्चना हो रही है। इससे कामठी लाइन का पूरा माहौल धर्ममय बना हुआ है।

सुमति मंडल के तत्वावधान में भगवान गणेश जी का प्रतिदिन प्रसादी वितरण किया जा रहा है पोहा, दाल लपेटा, खीर-पूड़ी, इटली रोज-ब-रोज अलग - अलग तरह से प्रसादी बांटी जाती है जिसका लाभ हजारों श्रद्धालुगण गणपति बप्पा के दर्शन लाभ कर उठा रहे हैं मंडल के द्वारा विशेष साज-सज्जा, लाईटिंग, रंग -बिरंगे झालर,पंडाल लगाए गये है और श्रद्धालुगणों हेतु सेल्फी जोन विशेष आकर्षण का केन्द्र है ये सुमति मंडल के जुझारू सदस्यों के कारण संभव है जो दिन-रात बप्पा जी के चरणों में सेवा दे रहे हैं वर्तमान में अध्यक्ष-अशोक लोहिया, संरक्षक-सुभाष चौरड़िया, उपाध्यक्ष नीलेश शुक्ला विसर्जन झांकी प्रभारी रक्षित अग्रवाल, विनय चौरड़िया आदि है।

बता दें कि सुमति मंडल द्वारा गणेशोत्सव पर्व के दौरान आर्केस्ट्रा आदि सहित एक से बढ़कर एक सांगीतिक एवं धर्म अध्यात्म मय कार्यक्रम कराया जाता था। वहीं पौराणिक प्रसंगों वाले नयनाभिराम वाली आकर्षक विसर्जन झांकी निकाली जाती थी। यह परंपरा आज भी बनी हुई है। सुमति मंडल अपनी विसर्जन झांकी में हर वर्ष नवीन नयनाभिराम झांकी का जीवंत प्रदर्शन कर श्रद्धालुगणों को प्रेरणा देते हुए रामायण और गीता में घटित घटनाओं से अवगत कराते हैं सुमति मंडल की झांकी में इस बार गजेन्द्र मोक्ष का चित्रण किया जा रहा है विसर्जन झांकी में धुमाल पार्टी सुमधुर भजनों, गीत-संगीत के साथ अपना जलवा बिखेरेंगे, उक्त जानकारी रक्षित अग्रवाल ने दी और उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंडाल में गणपति जी का आशीर्वाद लेने आग्रह किया है।

### छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की यह सहभागिता छत्तीसगढ़ में विदेशी पर्यटकों में वृद्धि हेतु सहायक - नीलू शर्मा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं इंडियन रेलवे केटरिंग एवं टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यटन के अंतर्राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार एवं छत्तीसगढ़ में पर्यटन एवं हॉस्पिटलिटी क्षेत्र के विकास की संभावनाओं के उद्देश्य से संयुक्त रूप से 3 सितंबर से 6 सितंबर 2025 तक दक्षिण पूर्व एशिया में स्थित देश वियतनाम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन प्रमोशनल इवेंट 19वां इंटरनेशनल ट्रैव्हल एक्सपो 2025 में सहभागिता की जा रही है। यह सहभागिता अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की अध्यक्षता एवं अगुवाई में की जा रही है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा अपने रजिस्टर्ड टूर ऑपरेटर्स को भी सहभागिता का अवसर पर प्रदान किया जा रहा है। इस सहभागिता से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं टूर आपरेटर्स को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों एवं टूर ऑपरेटर्स से बिजनेस टू बिजनेस मीटिंग कर छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के वृद्धि हेतु प्रयास का अवसर प्राप्त होगा।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, राजनांदगांव (छ.ग.)**
Mail.ID-apmcrjncg@gmail.com
क्र./मंडी/स्था./के.नी./2025-26/624 राजनांदगांव दिनांक 01/09/2025

**थोक फल-सब्जी मंडी स्थित केन्टीन सह पान दुकान की नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति, राजनांदगांव के थोक फल-सब्जी मंडी प्रांगण में स्थित केन्टीन सह पान दुकान की नीलामी दिनांक 18-09-2025 दिन गुरूवार समय दोपहर 2.00 बजे सम्पन्न कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने हेतु थोक फल-सब्जी मंडी केन्टीन की कुल लागत का 12 प्रतिशत किराया वार्षिक किराया वार्षिक निर्धारण अनुसार 6 माह का किराया राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो सचिव कृषि उपज मंडी समिति के नाम से देय होगा, धरोहर के रूप में 80000/-रूपये दिनांक 17-09-2025 दिन बुधवार को कार्यालयीन समय तक जमा करना अनिवार्य होगा। थोक फल सब्जी मंडी स्थित केन्टीन सहपान दुकान का मासिक किराया राशि 12,900=00 न्यूनतम होगा। इच्छुक व्यक्ति धरोहर राशि जमा होने के पश्चात ही नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। नीलामी हेतु निर्धारित अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में मंडी कार्यालय में देखा जा सकता है।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
राजनांदगांव

संवाद- 45119/1

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
राजनांदगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202508095200062**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व
सनः- 2024-2025 हरनसिंघी प.ह.नं. 00021 (हे.) पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राम्हीन पटेल, अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राम्हीन पटेल ध.प. राजबब्बर निवासी ग्राम हरनसिंघी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पुत्री दिपाली पटेल आ. राजबब्बर का जन्म दिनांक 10.01.2012 को ग्राम हरनसिंघी में होने के कारण अपने पुत्र दिपाली पटेल आ. राजबब्बर का जन्म तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 12.09.2025 के पूर्व शाम 5.30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया गया है।

MEGHA JAIN
नायब तहसीलदार

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202508095200060**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व
सनः- 2024-2025 हरनसिंघी प.ह.नं. 00021 (हे.) पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राम्हीन पटेल, अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राम्हीन पटेल ध.प. राजबब्बर निवासी ग्राम हरनसिंघी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पुत्री ढालेश्वरी आ. राजबब्बर का जन्म दिनांक 08.11.2013 को ग्राम हरनसिंघी में होने के कारण अपने पुत्र ढालेश्वरी आ. राजबब्बर का जन्म तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 12.09.2025 के पूर्व शाम 5.30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया गया है।

MEGHA JAIN
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202508095200065**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व
सनः- 2024-2025 अछोली प.ह.नं. 00022 (हे.) पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- दुर्गा प्रसाद मिश्रा, अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गा प्रसाद मिश्रा आ. मथुरा प्रसाद निवासी ग्राम अछोली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने दादी सीता बाई का मृत्यु दिनांक 16.05.2022 को ग्राम अछोली, तहसील डोंगरगढ़ में होने के कारण अपने दादी सीता बाई की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान, अनुपलब्धता प्रणाम पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 12.09.2025 के पूर्व शाम 5.30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया गया है।

MEGHA JAIN
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**Name Change**

It is informed to the general public that I am ANUGU NARSIMHA REDDY S/O ANUGU JELAPATHI REDDY am a resident of SUNCITY H. NO. D-43 KANCHANBAGH LAKHOLI NEAR D-MART RAJNANDGAON 491441 (CG).
have changed my old name, A NARSIMHA REDDY S/0 A JELAPATHI REDDY print mistek is. so in future I should be recognized by my new name ANUGU NARSIMHA REDDY S/O ANUGU JELAPATHI REDDY in all Government and other documents.

ANUGU NARSIMHA REDDY
S/O ANUGU JELAPATHI REDDY
ADDRESS SUNCITY H.NO D-43
KANCHANBAGH LAKHOLI NEAR
D-MART, RAJNANDGAON 491-441

**Name Change**

It is informed to the general public that I am ANUGU SHRADDHA REDDY W/O ANUGU NARSIMHA REDDY am a resident of SUNCITY H. NO. D-43 KANCHANBAGH LAKHOLI NEAR D-MART RAJNANDGAON 491441 (CG).
have changed my old name, Old Name A SHRADDHA PANDE REDDY W/O A NARSIMHA REDDY print mistek is. so in future I should be recognized by my new name ANUGU SHRADDHA REDDY W/O ANUGU NARSIMHA REDDY in all Government and other documents.

ANUGU SHRADDHA REDDY
W/O ANUGU NARSIMHA REDDY
ADDRESS SUNCITY H.NO D-43
KANCHAN BAGH LAKHOLI NEAR
D-MART, RAJNANDGAON 491441

**Name Change**

It is informed to the general public that I am ANUGU UDITA REDDY D/O ANUGU NARSIMHA REDDY am a resident of SUNCITY HNO D-43 KANCHANBAGH LAKHOLI NEAR D-MART RAJNANDGAON 491441 (CG).
have changed my old name, UDITA PANDE REDDY D/O A NARSIMHA REDDY print mistek is. so in future I should be recognized by my new name ANUGU UDITA REDDY D/O ANUGU NARSIMHA REDDY in all Government and other documents.

ANUGU UDITA REDDY
D/O ANUGU NARSIMHA REDDY
ADDRESS SUNCITY H.NO D-43
KANCHANBAGH LAKHOLI NEAR
D-MART, RAJNANDGAON 491-441

# भाजपा सरकार में जर्जर ओव्हरब्रिज में चलने मजबूर हैं जनता: कुलबीर




राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़-कवर्धा मुख्य मार्ग पर स्थित शहर के ओव्हर ब्रिज में भारी दबाव के चलते आए दिन नागरिकों को दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें कई बेगुनाह लोगों की जाने जा चुकी है। वहीं 42 वर्ष पूर्व बने ओव्हरब्रिज का समय भी खत्म हो चुका है। ओव्हरब्रिज में बीचों बीच डिवाइडर बनने से रोड और सकरी हो गई जो कभी भी भारी वाहन ओव्हरब्रिज में बिगड़ जाएं तो दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है, जिसके कारण दो पहिया वाहनों से लेकर पैदल यात्रियों को भी निकलने में भारी परेशानी होती है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र 2023 में नए ओव्हरब्रिज की घोषणा कर भाजपा सरकार प्रदेश की सत्ता तो हथिया ली पर जनता से किए गए वादे भूल बैठी है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है जिसके पहले दिन 1 सितंबर मंगलवार को सुबह 11 बजे अंहिसा के पूजारी महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर डोंगरगढ़ विधायिक श्रीमती हर्षिता बघेल द्वारा फूलमाला माल्यार्पण कर धरना-प्रदर्शन की शुरूआत की।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। शहर को जोड़ने वाली चिखली ओव्हरब्रिज में यातायात का भारी दबाव रहता है जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होना आम बात हो गई है। अंडरब्रिज का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण स्कूली बच्चों से लेकर रिक्शा-ठेला चालकों को ओव्हरब्रिज पार कर आना पड़ता है। जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। वहीं 42 वर्ष पूर्व कांग्रेस की सरकार द्वारा जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए ओव्हरब्रिज का निर्माण कराया था जो अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। धरना-प्रदर्शन को पूर्व महापौर हेमा देशमुख, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, विवेक वासनिक, इकरामुद्दीन सोलंकी, झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, अशोक फडनवीस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, कुसुम दुबे, बबलू कसार, पार्षद छोटेलाल, देवेश वैष्णव आदि ने संबोधित किया।

डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंडरब्रिज के निर्माण के चलते पटरीपार के नागरिकों को चिखली ओव्हरब्रिज से आना-जाना पड़ रहा है खासकर स्कूली बच्चों व ठेला-रिक्शा चालकों को ज्यादा तकलीफ हो रही है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। डॉ. रमन सिंह अपने चुनावी घोषणा पत्र में नए ओव्हरब्रिज निर्माण की बात तो कही है, पर कब बनेगा यह बताने का समय नहीं है।

**नागरिकों की जान से खिलवाड़ न करें भाजपा सरकार, धरना-प्रदर्शन कर सरकार को जमकर कोसा**

संभागीय प्रवक्ता कमलजीत पिन्टू ने कहा कि भाजपा की सरकार जुमलबाज की सरकार है। डॉ.रमन सिंह 17 साल से राजनांदगांव की जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया है। शहर को दो हिस्सों में बांटने वाली भाजपा सरकार संस्कारधानी को गर्त में डाल दिया है। उनके मुख्यमंत्रित्व के 15 वर्षीय कार्यकाल में राजनांदगांव में एक भी उद्योग नहीं दिया बल्कि युवाओं को बेरोजगारी और देश में महंगाई बढ़ाकर जनता को गर्त में धकेल दिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि शहर का प्रथम नागरिक महापौर पटरीपार से आते है। सांसद संतोष पांडे भी इसी ओव्हरब्रिज पारकर अपने गृह क्षेत्र जाते है, किन्तु यह देखने का समय नहीं कि जर्जर ओव्हरब्रिज की स्थिति क्या है। अंडरब्रिज निर्माण के लिए कांग्रेस शासन स्वीकृत कराकर काम तो शुरू कर दिया पर भाजपा की सरकार आते ही निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रही है। क्या पांच साल तक ऐसे ही चलता रहेगा और चुनाव जब आएंगे तब जनता को दिखाने कार्य शुरू कराएंगे, किन्तु इनको यहां पता होना चाहिए कि ओव्हरब्रिज में कितने लोग अपने जान गवा चुके है और इन भाजपा नेताओं और कितने लोगों के मरने का इंतजार है।

छाबड़ा ने कहा कि डॉ. रमन सिंह द्वारा अपने चुनाव घोषणा पत्र में किए वादे के अनुरूप जल्द-जल्द नए ओव्हरब्रिज का निर्माण कराकर जनता को राहत दें। कांग्रेस का यह धरना तो अभी शुरू हुआ है और जब तक इस पर सकारात्मक पहल नहीं होगी तब तक कांग्रेसजन नगाड़ा बजाकर भाजपा नेताओं को जगाते रहेंगे। भाजपा सरकार के दबाव में प्रशासन द्वारा फ्लाईओव्हर के नीचे फुटकर दुकानदार को अतिक्रमण है करके उनके रोजगार को भी छिन लिया गया।

इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, श्रीमती शारदा तिवारी, रमेश राठौर, विकास त्रिपाठी, हनी ग्रेवाल, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, पार्षद अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, मानव देशमुख, ऋषि शास्त्री, विक्की पटेल, शिवम गढ़पायले, चेतन सिन्हा, राजकुमार गुप्ता, मनहरण, खम्हन लहरे, संदीप सोनी, भोला यादव, पायल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## डॉ. द्विवेदी को अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक दक्षता सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक अचीवर अवार्ड समारोह जून 22-24, 2025 को मलेशिया के क्वालांम्पुर शहर में संस्था एडविन इन कार्पोरेशन मलेशिया द्वारा आयोजित किया गया। उल्लेखनीय रूप से नगर के लोकप्रिय वरिष्ठ, शिक्षाविद् एवं विचारचिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को इस भव्य समारोह में प्रमुख रूप से उनके भूगोल विषयक जनजागरूकता विचार आलेख, चिंतन टीप, व्याख्यान एवं विशेष आख्यान के लिए अकादमिक दक्षता प्रमाण पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मान जारी किया गया। यह सम्मान प्रमाण पत्र एवं ट्राफी अंतर्राष्ट्रीय समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. झियांग वंग उपनिदेशक मलेशिया एडविन सूचना समूह, डॉ. जोर्डन पिट्टी एडविन प्रभारी मलेशिया तथा डॉ. रत्नाकर धाबू एडविन प्रभारी भारत प्रतिनिधि के हस्ताक्षरों से जारी किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान एवं अतिविशिष्ट कोरियर द्वारा प्राप्त होकर संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा एवं डॉ. द्विवेदी के गुरू भाई डॉ. जयसिंग साहू की विशेष उपस्थिति में बधाई एवं मंगल शुभकामनाओं के साथ प्रदान किया गया। डॉ. द्विवेदी को इस गौरव सम्मान के लिए वरिष्ठ परिजनों, मित्रों एवं सहभागी प्राध्यापकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा के साथ विशिष्ट मंगलकामना करते हुए कोटिशः बधाईयां प्रदत्त की गई।

**उल्लेखनीय रूप से डॉ. द्विवेदी शिक्षक दिवस पर भारत शिक्षा रत्न अवार्ड से भी सम्मानित होंगे**

उल्लेखनीय रूप सभी को अवगत हो कि डॉ. द्विवेदी को कर्नाटक, बैंगलोर में स्थित डॉ.राधाकृष्णनन टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन आगामी द्वारा शिक्षक दिवस पांच सितम्बर 2025 को को भारत शिक्षा रत्न एवार्ड हेतु चयनित कर आमंत्रित किया गया है। डॉ. राधाकृष्णनन टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा यह राष्ट्रीय स्तर देशभर से चयनित प्रमुख शिक्षा व्यक्तित्व को दिया जा रहा है। इस हेतु भी संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा और महाविद्यालय सहकर्मी प्राध्यापकों द्वारा चयनित होकर सम्मान के लिए कोटि-कोटि बधाई दी गई है।

## चाकू के नोंक पर लूट को अंजाम देने वाले आरोपी को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

राजनांदगांव (दावा)। लूट के एक मामले में संपूर्ण सुनवाई उपरान्त फैसला सुनाते हुये फास्ट ट्रैक कोर्ट राजनांदगांव के अपर सत्र न्यायाधीश 'विजय कुमार साहू ने आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्त धन्नू उर्फ धनराज साहू आ. लक्ष्मीनारायण साहू, उम्र 24 वर्ष, निवासी अटल आवास पेण्ड्री, थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को आरोप साबित पाये जाने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 392 सहपठित धारा 397/34 के तहत् 07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

**शहर के बायपास शराब भट्ठी के पास दो लोगों से नगदी रकम व मोबाईल की लूट**

मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रेक कोर्ट, राजनांदगाँव अरूण कुमार गुप्ता ने बताया कि, चंद्रप्रकाश भारतद्वाज, वार्ड नंबर 46 बसंतपुर, राजनांदगांव के निवासी हैं, जो जिला कोण्डागांव (छ.ग.) में लेक्चरर के पद पर पदस्थ है। चंद्रप्रकाश भारतद्वाज़ वर्ष 2021 के दीपावली त्यौहार की छुट्टी में अपने घर आया हुआ था तथा दिनांक 07 नवंबर 2021 को शाम लगभग 5:30 बजे अपने पुराने घर ग्राम छुरिया से वापस आते समय ट्रान्सपोर्ट नगर होते हुए बाईपास रोड से बसंतपुर जा रहा था, तभी शराब भट्ठी के पास दो लड़के सामने आकर उसके मोटर सायकल को रोक लिये और डराते-धमकाते हुए चाकू दिखाते हुए पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर अपने पास रखे चाकू को उसके गले में टिका दिये जिससे वह घबराकर डर से पर्स में रखे चार सौ रूपये व मोबाईल को उन दोनों को दे दिया। भीड़-भाड़ आता देखकर दोनों वहां से भाग गये। आसपास देखने वाले दोनों का नाम देवी, धन्नू तथा अटल आवास पेण्ड्री निवासी बताया गया। प्रार्थी की शिकायत के आधार पर थाना लालबाग में अभियुक्त धन्नू एवं नाबालिक देवी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया गया। प्रकरण के जांच के दौरान दिनांक 10 नवंबर 2021 को दीपक कुमार साहू निवासी ग्राम मलपुरी, पोस्ट उसरीबोड़, जिला राजनांदगांव द्वारा थाना लालबाग में उसी घटना दिनांक 07 नवंबर 2021 को मामले के अभियुक्त धन्नू साहू एवं देवी के द्वारा चाकू लहराकर, डरा-धमकाकर अवैध रूप से उसका मोबाईल एवं नगदी रकम 4000 रूपये लूट लेने के संबंध में लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सम्पूर्ण जांच उपरान्त अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

## सिंघोला महाकाल मंदिर में गणेश चतुर्थी पर अलौकिक दर्शन



राजनांदगांव(दावा)। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में भक्तों को अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। यहां रोज सुबह और शाम होने वाली आरती में महाकाल का स्वरूप भगवान गणेश के रूप में प्रकट हो रहा है। इस अलौकिक दर्शन का लाभ उठाने भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच रहे हैं और महाकाल-गणपति के इस अद्वितीय रूप का आनंद ले रहे हैं। श्रद्धालु इसे भगवान की विशेष कृपा मानकर भक्ति और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना में लीन हो रहे हैं।

## नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन पर व्यापक व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि गणेश विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके तहत कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे (मो.नं. 79993-94145) को नोडल अधिकारी व सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा (मो.नं. 83197-31636) को सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ-साथ सभी उप अभियंताओं को अलग-अलग प्रभार सौंपा गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि 6 व 7 सितम्बर 2025 को गणेश विसर्जन के लिये मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विर्सजन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुनःउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानी सागर, सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने ले जाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जा रही है। इन सबके लिये उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है। साथ ही मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था का दायित्व सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सौंपा गया है एवं कंट्रोल रूम प्रभारी प्र. सहायक अभियंता वसीम खान (मो.नं. 90391-70956) को बनाया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा (मो.नं. 93039-47901) सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ सफाई व्यवस्था एवं शहर के भीतरी इलाकों में घुमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकड़ने आदि का दायित्व सौंपा गया है। उपरोक्त सभी अधिकारी कर्मचारी नोडल अधिकारी दीपक खाण्डे के नेतृत्व में दिये गये निर्देशों का पालन जिम्मेदारीपूर्वक करेंगे।

## विचार पर विचार करो और फिर कोई काम करो-विनय कुशल मुनि



राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत विनय कुशल मुनि आज यहां कहा कि हमारे जीवन में प्रतिपल विचार आते जाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले अपने विचार पर मनन करें फिर कर्म करें। बिना विचार किया गया कार्य नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए विचार पर विचार करो और फिर कोई काम करो। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आज विनय कुशल मुनि ने कहा कि हमने जो पाप किया है, उस पाप की क्या स्थित है, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए और आत्मा को निर्मल बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। अपने पापों की आलोचना की जानी चाहिए ताकि हमारी आत्मा निर्मल हो सके। हमें अपने को जानने के लिए आत्म मंथन करना चाहिए। वैसे तो अपने को अपने से ज्यादा अच्छा कौन जान सकता है, इसके बावजूद व्यक्ति को स्वयं को अच्छे से जानने के लिए आत्म मंथन करना चाहिए।

**हमें अपने को जानने के लिए आत्म मंथन करना चाहिए**

श्री विनय कुशल मुनि कहा कि मैं और आत्म तत्व दोनों अलग-अलग चीज हैं। आत्मा को निर्मल बनाने के लिए इस पर मंथन करना होगा और आत्म तत्व को प्राप्त करने का प्रयास करना होगा। इसके लिए आत्मा के ऊपर की वर्जना को हटाकर हमें आत्म तत्व को प्राप्त करना है जिसके जरिए हम आत्म तत्व को प्राप्त कर आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ पाएंगे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

## राजनांदगांव में बिखरी सुरों की छटा, सुर संगम कार्यक्रम में चुना सुरों का सम्राट




राजनांदगांव (दावा)। ऑडिटोरियम में सुर संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम राउंड में 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया 41 प्रतिभागियों को सुनने के पश्चात फाइनल राउंड में पहुंचे 15 प्रतिभागियों को गाने का मौका मिला, सुर संगम कार्यक्रम के आयोजक राजेश नागवानी के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी इस कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। 14 वर्ष से लेकर बिना आयु सीमा के प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल हुए जिसमें बस्तर, कांकेर बालोद राजनांदगांव के प्रतिभागियों ने अपने सुर मंच पर बिखेरे साथ ही जजेस सुनील बंसोड़ मनोहर यादव उनकी टीम के द्वारा सुरों की बारिकी को देखते हुए जजमेंट किया गया, अतिथि के रूप में हुए शामिल महापौर मधुसुदन यादव भी इस प्रतियोगिता में पीछे नहीं रहे उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमति करूणा यादव एवं पब्लिक की डिमांड पर आखिरकार इस पूरे कार्यक्रम में समां बांधा।

**बस्तर की बेटी ने जीता सुर सम्राट**

इस कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई, 15 फाइनल प्रतिभागियों के गायन को देख अतिथि एवं जजेस ने अद्भूत गायकी को चयन में स्तब्ध रह गये, परन्तु प्रथम पुरूष्कार द्वितीय एवं तृतीय का चयन करना ही था और अंततः बस्तर की बेटी शिवानी ने प्रथम पुरूष्कार द्वितीय वैष्णवी रंगारी, तृतीय पुरस्कार पायल सोनी को नगद राशि के साथ ट्राफी दी गई, आयोजक समिति राजेश नागवानी सुष्मा सिंह, मोना गोसाई, डॉ. गिरिश श्रीवास्तव, निकहत परवीन, संगीता शुक्ला, उषा वांदिले, शैलेन्द्र कुमार के द्वारा एक बेहतरीन ओयाजन के पीछे का उद्देश्य उभरते कलाकरों को मंच देना जिससे वे अपने आगे के भविष्य की रूप रेखा को सुनिश्चित कर सके, अतिथि के रूप में पधारे हलीम बक्श गाजी सबिहा गाजी लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल विजन चेयरपर्सन राजकुमार शर्मा अद्ययोगपति सुनील मुंदड़ा सी.ए. राजेश जैन टी.वी.एस. के संचालक संजय रिझवानी निमिषा ठक्कर ईला दुआ राजेश जैन इंडिया परफेक्ट न्यूज गिरिश सोनछात्रा हरि भाई पटेल स्वसहायता समूह की महिलाएं कमलेश्वरी फतिमा जमूना साहू मीना यादव संगीता शुक्ला और बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी आम जनमानस उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शानदार संचालन निकहत परवीन के द्वारा किया गया।

## बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेशोत्सव पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**15 फीट के दिव्य अलौकिक राजाधिराज महाराज श्री गणेश मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी**

पेज 3 (02 सितंबर 2025 डेली ग्रुप)

राजनांदगांव (दावा)। बाल रत्न मंच सेवा समिति के मुख्य प्रचार प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव में आनंद-उमंग गणपति महोत्सव हर्षोल्लास के साथ 10 दिवसीय आयोजन सेवा में निरंतर 32 वर्षों से छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग द्वारा किया जा रहा है सनातन संस्कृति के अनुरूप में 15 फीट भव्य आकर्षक राजाधिराज गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है पंडाल परिसर नव्य भव्य आकर्षक हरियाली, झूमर, विद्युत झालर से ओत-प्रोत राजाधिराज गणपति का दरबार सजाया गया है।

सनातन संस्कृति के संस्कारों पर आधारित सनातन की प्रेरणा शिक्षा प्रदान करते हुए बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग राजनांदगांव में गणपति सेवा में समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रशांत कुशवाहा, श्रेयांश जोशी एवं पंडाल प्रभारी सतपाल वातवानी के कुशल नेतृत्व में भाद्रपद शुक्ल दशमी, दिनांक 2 सितंबर, मंगलवार, समय संध्या 6 बजे से आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित शर्मा के कुशल नेतृत्व में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम गणेशोत्वस पंडाल परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

गायन प्रतियोगिता धार्मिक एवं देशभक्ति, नृत्य प्रतियोगिता, धार्मिक एवं देशभक्ति वेशभूषा प्रतियोगिता (फैंसी ड्रेस), क्ले आर्ट में भगवान गणपति की मूर्ति बच्चों एवं महिला व पुरूष सभी उम्र के सभी वर्गों के प्रतिभागियों के लिये, प्रतियोगिता शुल्क 30 रूपये रहेगी। कार्यकारिणी वरिष्ठ सदस्य गोविंद जोशी, निलेश शर्मा ने कहा कि, प्रतियोगिता में संपर्क हेतु 98274 97252, 7747817127 सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहा गुप्ता (स्थायी लोक अदालत सदस्य दुर्ग संभाग), अल्का सुरजन (समाज सेविका), सुषमा सुरजन (समाज सेविका) द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार एवं सांत्वाना पुरस्कार प्रदान करते हुए पुरस्कृत किये जायेंगे। गणेश उत्सव आयोजन समिति सचिव चैतन्य अग्रवाल ने संस्था परिवार की ओर से बच्चों, महिला एवं पुरुष वर्ग से अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। लगातार संध्या 7:00 बजे 5 दिन से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी प्रचार-प्रचार प्रमुख महेश शर्मा एवं आयुष शर्मा, हर्ष अग्रवाल ने दी।

## अग्रहरि समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण



राजनांदगांव(दावा)। अग्रहरि समाज द्वारा विगत दिनों संपन्न हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को युवा संगठन द्वारा गणेश पर्व के प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम की कड़ी में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के पूर्व अंशुल अग्रहरि की ओर से अपने पिता की स्मृति में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ रखा गया जो कि गणेश मिश्रा ताल छापर वालों द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत भी गणेश मिश्रा एवं अनुपम महाराज के करकमलों द्वारा किया गया। 30 प्रतिभागियों को अग्रहरि समाज ने पुरस्कृत किया, जिसमें पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी को प्रोत्साहन स्वरूप स्टील की वॉटर बॉटल सम्मानित अतिथियो द्वारा प्रदान की गई तत्पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण हुआ।

इस कार्यक्रम में अग्रहरि समाज के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता राजा ने बताया की युवा संगठन द्वारा प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ गणेश पर्व मनाया जाता है जिसमें अनेकों कार्यक्रम समाज के लोगों के लिए आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन समाज के संरक्षक मनोज अग्रहरि द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा संगठन के अध्यक्ष डॉ सुबोध अग्रहरि, महिला संगठन की सचिव अलका अग्रहरि, वरिष्ठजन एवं युवा साथियों के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं बच्चे उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन कैलाश अग्रहरि ने किया।

## खैरागढ़ के बरेठपारा स्थित रपटा नदी में एक व्यक्ति की नदी पार करते हुए डूबने की सूचना बनी रहस्य



खैरागढ़ (दावा)। नगर के बरेठपारा से लालपुर मार्ग के बीच बने रपटा नदी जो पिपरिया नदी से बहने वाली में रविवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति रपटा नदी पार करते वक्त डूबने की सूचना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन वहां पहुची और लेकिन शाम का समय और अंधेरा होने के कारण उस रास्ते को सील कर दिया गया। घटना दूसरे दिन सोमवार और तीसरे दिन मंगलवार को भी खोजबीन जारी रहा, न तो कोई शव बरामद हुआ है और न ही किसी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

रविवार शाम करीब 6 बजे शराब दुकान के पीछे नदी में एक बुजुर्ग के व्दारा कुछ हलचल देखा गया और उसने इसकी जानकारी अपने मोहल्ले बरेठपारा में दी। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस दल मौके पर पहुँचा और देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सोमवार को जिला नगर सेना, स्थानीय बरेठपारा वार्डवासी और नगरपालिका की टीम के द्वारा नदी का पानी जो जलकुंभी से पटी हुई थी, उसे ही साफ करते पूरा एक दीन लग गया। दूसरे दिन मंगलवार को साफ सफाई के बाद से जिला नगर सेना और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार तलाशी अभियान में जुटी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला और नदी का जल स्तर भी काफी बड़ा हुआ है। फिर भी नगर सेना की टीम नाव से लगातार तलाशी अभियान में जुटी रही। अब बुधवार को आगे क्या कार्यवाही करती हैं प्रशासन।

**तीसरे दिन भी अज्ञात व्यक्ति का नहीं मिला कोई सुराग**

लगातार प्रयासों के बावजूद शव न मिलने से घटना के अफवाह होने की संभावना भी जताई जा रही है। अब तक किसी परिजन या स्थानीय नागरिक ने किसी की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं कराई है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन किसी भी एंगल को नज़रअंदाज नहीं कर रहा। सुरक्षा की दृष्टि से नदी पर बने पुल को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया है, ताकि सर्चिंग कार्य प्रभावित न हो वहीं घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएँ जारी हैं। प्रशासन भी स्थिति पर पूरी निगरानी बनाए हुए है। सोमवार 1 सितंबर और मंगलवार 02 सितंबर को फिर से तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। बहरहाल बरेठपारा के रपटा नदी में डूबने की यह रहस्यमयी घटना अब स्थानीय जिज्ञासा का विषय बन चुकी है, जिस पर सभी की निगाहें पुलिस व प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## अनमोल दावा

**"सफलता का रास्ता हमेशा ईमानदारी की पटरी से होकर जाता है।**

# अपने अधिकार भी जानें महिलाएं, जान से मार देने की घटनाएं कब रुकेंगी?

ग्रेटर नोएडा के निकिता भाटी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बर्बरता का जो वीडियो समाचार चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया गया, वह किसी को भी सदियों से चले आ रहे पितृसत्तात्मक सोच से रूबरू कराने के लिए काफी है, जहां बल प्रयोग ही मर्दानगी को जताने का उत्तम तरीका माना जाता रहा है। यह मर्दानगी का भ्रम ही है, जो दुष्कर्म, हत्या, हिंसा के रूप में सामने आता रहता है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस घटना में सिर्फ एक नहीं, बल्कि दो-दो महिलाएं पुरुषवादी सोच का शिकार हुई हैं।

एक निकिता और दूसरी उसकी सास, जो अपने बेटे का साथ देकर एक महिला होकर भी महिला पर हो रही हिंसा में सहयोगी बनी। यह कोई पहली घटना नहीं है, जब किसी महिला को जलाया या मारा गया हो। कभी परंपरा, कभी दहेज, कभी चरित्र तो कभी डायन करार देकर स्त्रियों को जलाए जाने की घटनाओं का सिलसिला न जाने कब से कायम है।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की मंशा को आत्मसात करने की बात तो की जाती है, लेकिन बेटियों को व्यवस्था की भेंट चढ़ने से हम रोक नहीं पा रहे हैं। यहां सिमोन दी बोउवा का एक कथन याद आता है कि लड़की पैदा नहीं होती, बल्कि बनाई जाती है। एक बेटी के जन्म के बाद से जिस तरीके से लड़की होने की दुहाई देकर उसकी परवरिश की जाती है, धीरे-धीरे उसमें विरोध की क्षमता ही खत्म हो जाती है और वह शोषण सहना ही अपनी नियति समझ लेती है।

आज भी आम तौर पर बेटी को मायके से यह कहकर विदा किया जाता है कि मायके से डोली उठती है और ससुराल से अर्थी। और डोली उठते ही एक लड़की का या तो मायका होता है या फिर ससुराल, उसका खुद का घर कहां खो जाता है, वह पता ही नहीं चलता, जहां वह हक से और अपने हिसाब से अधिकारपूर्वक रह सके। ऐसी स्थिति में यदि कोई महिला आत्मनिर्भर नहीं है तो वह चाहकर भी विरोध नहीं कर पाती है। दूसरा लोक-लाज के लिहाज के बोझ तले महिलाएं आज भी दबी हुई हैं। उनका दबा होना महिला सशक्तीकरण की बातों को खोखली साबित करता दिखता है।इस परिस्थिति में यदि कोई महिला विरोध करने की हिम्मत जुटा भी लेती है तो व्यवस्था का शिकार हो जाती है।

अपने देश में पीड़ित न्याय के लिए आज भी थानों और अदालतों में ठोकर खाते हैं। महिलाओं को न्याय देने के लिए वन स्टाप सेंटर बनाए गए, महिला आयोग का गठन किया गया, लेकिन वे प्रभावी नहीं सिद्ध हो रहे हैं। कई बार अपराधी बेखौफ हो दिखते हैं और व्यवस्था धवस्त। ग्रेटर नोएडा की घटना में अत्याचार की एक और कड़ी है, जिसमें भारी-भरकम दिखावे वाली शादियों और दहेज के नाम पर लड़की वालों से धन वसूली की प्रथा ने बेटी का बाप होना अभिशापित बना दिया है। दहेज लेना और देना, दोनों ही कानूनन अपराध हैं, लेकिन यह जुल्म सदियों से किसी-न-किसी रूप में आज भी समाज में व्याप्त है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? आम तौर पर हर माता-पिता चुपचाप बेटी के ससुराल वालों की मनचाही इच्छाओं को पूरा करते रहते हैं और एक तरह से खुद भी अपराधी बन जाते हैं।

लाचार और मजबूर माता-पिता को यह अहसास ही नहीं होता कि देहज प्रथा की आड़ में वे कई अपराधों की नींव रख रहे हैं। अनजाने में वे अनचाही मांगों को पूरा करते रहते हैं और बेटी के घर को बचाने की कोशिश करते हैं। वे न तो इसकी शिकायत करते हैं और न ही बेटी पर हो रहे अत्याचार को तब तक रोकने की पहल करते हैं, जब तक कि आग की लपटें उनके घर तक न पहुंच जाएं।

निकिता के पिता ने भारी भरकम दहेज दिया था। उसकी मौत के मामले में पति विपिन भाटी की गिरफ्तारी के बाद से कई बातें सामने आ रही हैं। हत्या हो या आत्महत्या, दोनों ही स्थितियों में फिलहाल शक की सुई विपिन और उसके परिवार वालों पर जा रही है। दोषी कोई भी हो, उसे सजा मिलनी ही चाहिए।

यह ठीक है कि आज की महिलाएं पहले की तुलना में काफी क्षमतावान हो चुकी हैं। उनके पास तकनीक की ताकत है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। उनके हाथों में ऐसी शक्ति है, जिससे वे अपनी बातों को दूर तक पहुंचा सकती हैं, परंतु दुर्भाग्यवश आज की तमाम महिलाएं फैशन में तो अपडेट रहती हैं, लेकिन अपने अधिकारों के प्रति अपडेट नहीं हो पाईं। वे यह नहीं पूछ पाईं कि आखिर पुरुषों की लंबी उम्र की कामना बहन, मां या पत्नी ही क्यों करें? पति, भाई या पिता क्यों नहीं ऐसा करते? पतिव्रता पत्नी ही क्यों बने, पति पत्निव्रता क्यों न बने?

निकिता और उसकी बहन ने डिजिटल मीडिया पर सक्रिय होने के बावजूद अपने पर हो रहे अत्याचारों को लोगों तक नहीं क्यों नहीं पहुंचाया, यह प्रश्न विचारणीय है। यदि कागजों में कैद नियमों को धरातल पर सही से उतारा जाए तो शायद परिदृश्य कुछ और होगा और बेखौफ अपराधी अपराध को अंजाम देने के पहले हजार बार सोचेंगे। जब ऐसा होगा तभी हमारे समाज में लोग बेटियों को बचा पाएंगे और पढ़ा पाएंगे।

# चिंतन आलेख : गणेश जी को बना डाला आइटम ब्वॉय



**विजय मिश्रा 'अमित'**

गणेश उत्सव की धूम देश भर में दिखाई दे रही है, किंतु इस धूम धड़ाके में गणेश जी का वास्तविक स्वरूप खोता हुआ नजर आ रहा है। गणेश प्रतिमा को बेहद खूबसूरत कलात्मक ढंग से बनाने वाले मूर्तिकार अब व्यावसायिकता की जाल में फंसते दिख रहे हैं। बाजार और ग्राहकों की मांग पर वे अपनी प्रतिभा का सुप्रदर्शन करने के बजाय कुप्रदर्शन करने में जाया कर रहे हैं। गणेश प्रतिमाओं को ऐसे ऐसे ढांचे में ढाल रहे हैं, जिन्हें देखकर रंचमात्र भक्ति भावना जागृत नहीं हो रही है।

मूर्तियां तो बेहद परिश्रम से गढ़ी जा रही हैं किन्तु उन मूर्तियों में मसखरापन-मनोरंजन के भाव ही संचारित हो रहे हैं। बाल गणेश के नाम पर बनती बेढंगी मूर्तियों को देखकर लग रहा है कि भविष्य में नई पीढ़ी के बच्चे गणेश जी के असल स्वरूप को जान पहचान ही नहीं पाएंगे। उन्हें यही लगेगा कि गणेश जी का आकार प्रकार किसी क्रिकेटर, सोल्जर, डॉक्टर, किसान, वकील अथवा कामिक्स के अन्य पात्रों के जैसे ही है।

टीवी, अखबार, सोशल मीडिया में 'ग्लैमरस गणेश' की अजीबो गरीब प्रतिमाओं को देख-देख कर तो यही लग रहा है कि लोगों ने गणेश जी को 'आइटम ब्वॉय' बना डाला है। गणेश उत्सव का प्राचीन स्वरूप जिसे की लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने आरंभ किया था वह धार्मिकता को लिए हुए आपसी भाईचारा और एकता को बनाए रखने का संदेश दे रहा था किंतु आज बदलते दौर में गणेश उत्सव का आयोजन धार्मिक नहीं रह गया है बल्कि एक बड़ा डिजिटल ट्रेंड भी बनता जा रहा है।



कुछ ही वर्षों पूर्व तक गणेश की भक्ति में डूबे हुए आमजन अलग-अलग गणेश पंडालों तक गणेश और साथ में निर्मित शिक्षा संदेश परक झांकियों के दर्शनार्थ और प्रसाद पाने की लालसा में पहुंचते थे। अब आयोजकों और दर्शनार्थियों में निरंतर ऐसी भावनाओं का ह्रास होता दिखाई दे रहा है। भक्ति भावना के गिरते ग्राफ की वजह है अधिकांश भक्तजन मोदक, भोग, प्रसाद बाद में लेते हैं पहले अत्याधुनिक मोबाईल हाथ में लिए हुए 'ग्लैमरस गणेश' का बेस्ट परफेक्ट शॉट लेने की जुगत में लगे दृष्टव्य होते हैं।

इंस्टाग्राम, फेसबूक, यूट्यूब, रील्स जैसे सोशल प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड करने, बड़ी संख्या में व्यूज़, लाईक, सब्सक्राइब पाने की रेस में इन दिनों इंफ्लुएंसर्स में घुड़ दौड़ की तरह होड़ मची हुई है। शहर तो शहर गांव-गांव की युवा पीढ़ी तक इस अंधी दौड़ में शामिल है। सुबह सोकर उठने से लेकर अर्धरात्रि के बाद भी निशाचर की भांति विचरती पीढ़ी मोबाईल की गिरफ्त में है। लाइव वीडियो दिखाने, तस्वीरें लेने और फिर उसे घर बैठे चंद सेकेंड में दुनिया भर में वायरल करने का नशा अनेक बार जान लेवा भी सिद्ध हो रहा है। ग्लैमरस गणेशोत्सव की बढ़ती रौनकता के वायरल हुए वीडियो तस्वीरों को प्रत्यक्ष देखने की बढ़ती लालसा के कारण ही सड़कों पर अपार भीड़ उमड़ रही है।

देवी देवताओं के प्रति आस्था अच्छी बात है, किंतु देवी-देवताओं की आड़ में बिगड़ती व्यवस्था चिंतनीय है। धार्मिक आयोजनों के कारण शहरों की यातायात व्यवस्था चूर-चूर होती नजर आ रही है। सड़कों पर घंटों जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। आयोजन स्थलों पर बढ़ती अकल्पनीय भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन का पसीना छूट रहा है। ऐसी स्थिति में अनायास मचने वाली भगदड़ से जानमाल को भारी क्षति हो रही है। एम्बूलेंस, फायर ब्रिगेड जैसी अनेक जनहितकारी अत्यावश्यक सेवाएं बाधित होती दिखाई दे रही हैं, यह गंभीर चिंतन का विषय है। किसी भी धर्म विशेष के धार्मिक कार्यों से बनती ऐसी अनिष्टकारी चिंताजनक जानलेवा स्थिति, विकृत होती संस्कृति, टूटती परम्पराओं पर रोक लगाने समाज के प्रबुद्धजनों, धर्म शास्त्रियों को आगे आना ही चाहिए। बेढंगी मूर्तियों की स्थापना का बहिष्कार करत हुए पुजारीगण आयोजकों को समझाइस देने की उम्दा पहल करें। बेहतर तो यही होगा कि धार्मिक उत्सवों का आयोजन, मूर्तियों की स्थापना सड़कों, चौक चौराहे पर कड़ाई से प्रतिबंधित हो। ऐसे कार्य हरेक पारा मोहल्ले के खुले सुरक्षित मैदानों में ही हो।

सबसे अच्छा तो यही होगा कि सड़क चौराहे पर धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मूर्तियों की स्थापना पर बंदिश लगाने का निर्णय स्वस्फूर्त आगे आकर प्रत्येक समाज-पार्टी को लेना चाहिए। इस मंगलकारी भावनाओं के साथ कि जो धर्म किसी का अहित करें, वह धर्म नहीं हो सकता। धर्म-कर्म के नाम पर विध्वंश करें, भक्तजनों का ऐसा दुष्कर्म नहीं हो सकता।

**अग्रोहा कालोनी रायपुर (छ.ग.) 492013**
**मो 9893123310**

## विचार सरिता

# पत्र : हे विद्यार्थी, ज्ञान विज्ञान के नए सोपानों को स्पर्श करें और सफलता प्राप्त करें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



प्रिय विद्यार्थी आप अपने विद्यालय की पढ़ाई में व्यस्त हैं।आप प्रातः उठते ही ज्ञान अर्जित करने के अपने कार्य में जुट जाते हैं। सर्वप्रथम तो आप दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर अपने पढ़ने की टेबल पर पहुंचाना चाहते हैं जहां विभिन्न विषयों की आपकी किताबें और आपकी पुस्तिकाएं आपकी प्रतीक्षा कर रही होती हैं।

यहां आप ज्ञान - विज्ञान के विभिन्न स्त्रोतों से अपने मन मस्तिष्क को समृद्ध करने का प्रयास करते हैं। आपके पढ़ने की टेबल के सामने एक छोटा सा डिस्प्ले बोर्ड होता है जिसमें एक ओर आपके स्कूल का टाइम टेबल लगा होता है तो साथ में एक दो ऐसे सूक्ति वाक्य या प्रेरक काव्य पंक्तियां होती हैं जो पढ़ते समय आपको सदैव प्रेरित करते रहती हैं। आप अपने विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों के संक्षिप्त पाठ्यक्रम, मासिक पाठ्यक्रम विभाजन और वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र के अंक विभाजन को भी अपने सामने डिस्प्ले बोर्ड में चस्पा कर रखते हैं।

क्योंकि आप कल रात्रि को सोने से पूर्व अपना गृहकार्य बना चुके होते हैं इसलिए अभी आप तरोताजा होकर केवल ज्ञान अर्जित करने के उद्देश्य से या तो पढ़े गए पाठों का दोहराव करते हैं या फिर नए पाठों को पढ़ने और समझने का प्रयास करते हैं। आपकी पढ़ाई सुनियोजित होनी चाहिए अर्थात दिशाहीन और अनियंत्रित पढ़ाई करने के स्थान पर आपको परीक्षा के प्रश्न पत्र और उसके पैटर्न को ध्यान में रखकर पढ़ना चाहिए। यह बात कुछ अटपटी सी लगेगी, क्योंकि ज्ञान - विज्ञान की कोई सीमा नहीं है और वास्तविक ज्ञान पाठ्यक्रम के चौखट से बाहर ही प्राप्त होता है, लेकिन अभी आपका तात्कालिक लक्ष्य बोर्ड परीक्षा में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करना है इसलिए आपको अभी चयनित अध्ययन करने से भी परहेज नहीं करना चाहिए।

धीरे-धीरे घड़ी की सुइयां सात बजाती हैं और आप अपनी पढ़ाई छोड़कर मां को पुकारते हैं कि क्या मेरा टिफिन बन गया। मां आवाज देती है कि तुम्हारा टिफिन डाइनिंग टेबल पर ही रखा है और तुम वहां रखे हुए गिलास के दूध को भी पी लो। साथ ही कुछ स्नैक्स भी तैयार रखा है, उसे भी स्कूल जाने से पूर्व ले लेना।

आप अपने पढ़ने की जगह से उठकर पूजा कक्ष की ओर जाते हैं और वहां थोड़ी देर अपनी पद्धति से प्रार्थना कर फिर खाने की टेबल पर पहुंचते हैं जहां स्कूल जाने से पूर्व हल्का नाश्ता आपका इंतजार कर रहा होता है। फिर आप अपना टिफिन और बैग लेकर स्कूल के लिए निकल पड़ते हैं।

विद्यार्थी होने के कारण आप में अपार संभावनाएं हैं। ज्ञान- विज्ञान का क्षितिज आपके सामने आवृत है और आप जो चाहे वह उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय में भी आपका ध्यान अपनी पढ़ाई पर केंद्रित रहता है और ज्यों ज्यों आप बड़ी कक्षा में पहुंचते हैं, त्यों - त्यों खेलकूद और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों से आप अपने को अलग करने लगते हैं।

यहां तक कि आप जब विद्यालय से घर लौटते हैं तो आपके मोहल्ले और नगर में हो रहे अनेक सार्वजनिक सांस्कृतिक आयोजनों में भी आप सहभागिता नहीं करते क्योंकि आपका ध्यान अपनी पढ़ाई पर केंद्रित है और आप यह जानते हैं कि अगर मैंने अधिक समय इन कार्यक्रमों में लगा दिया तो इससे मेरी पढ़ाई प्रभावित होगी।

आज सोशल मीडिया के युग में भटकने के भी खतरे अत्यधिक हैं लेकिन आप एक तपस्वी की तरह इनसे विरत रहकर अपने अध्ययन में निमग्न रहते हैं। यह एक सराहनीय उपलब्धि है। आप पढ़े और बढ़ें लेकिन अपने परिवार और माता-पिता, भाई - बहनों और अन्य परिजनों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील भी बने रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर घर के विभिन्न कार्यों में उनकी सहायता भी किया करें।

जब आप पढ़ने की टेबल पर होते हैं तो निरंतर अभ्यास से आप ज्ञान की साधना करते हैं। आप उन विषयांशों को, जिनमें आप कठिनाई का अनुभव करते हैं, उन्हें समझने की कोशिश करते हैं और आवश्यकता होने पर लिख - लिख कर याद भी करते हैं ताकि वह आपके मस्तिष्क में स्थाई रूप से संचित हो जाए। विद्यार्थी जीवन परिश्रम और साधना का होता है।आप अकेले नहीं हैं।आप के परिजन आपके साथ हैं। समाज आपके साथ है। आप देश का भविष्य हैं। एक सुनहरा भविष्य आपके सामने है। आप परिश्रम कर रहे हैं, जिसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।


आपका शुभचिंतक
एक देशवासी

## शब्द सामर्थ्य -158

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 157 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | ध | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू- दोकू क्र.158

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 157 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## सामयिक कहानी

# मोदी जी का चेहरा

खबर पढ़कर
बानी बोले - ''गजाधर!
राहुल गांधी ने पटना में
वोटर अधिकार यात्रा की
समापन सभा में, मोदी सरकार पर
हमला बोला जोरदार।
उन्होंने बड़े दमखम के साथ कहा यार!
अभी तो वोट चोरी का
एटम बम आया हैं,
अब मैं ऐसा हाइड्रोजन बम लाऊंगा
कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
जनता को चेहरा नहीं दिखा पाएंगे
इस पर आपके मन में
क्या बात उमड़-घुमड़ रही है
हमें भी कुछ बताएंगे ?
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
राहुल गांधी अपनी हर तकरीर में
मोदी जी को ले आते है।
मोदी जी राहुल गांधी के दिलोदिमाग में
इस कदर बैठ गये हैं
कि राहुल गांधी उन्हें भूल नहीं पाते है।
अब राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम लाने के बाद
मोदी जी जनता को अपना चेहरा
दिखा पाते हैं या नहीं,
यह तो समय बताएगा।
पर मुझे लगता है बानी! कि
मोदी जी का चेहरा, राहुल गांधी को
सपने में भी नजर आएगा।''



गिरीश बख्शी

## कविता

# भूल जा तू कमजोर है

भूल जा तू कमजोर है, भूल जा तू लाचार है
तू होता क्यों अधीर है, तेरी मुट्ठी में संसार है
तेरे बाजुओं में दम है, तुझमे असीम साहस है
तेरी मंजिल और तेरा लक्ष्य भी आस-पास है
लक्ष्य तुझसे दूर नही है, और न नामुमकीन है
तुझमे दृढ़ता, और तुझमे वो असीम शक्ति है
शक्ति-साहस तेरे पास है, तुझमें ही खास है
तेरे हाथों तेरा मुकद्दर है, क्यों होता उदास है
तुझमें अपार शक्ति है, तुझमें ही वो क्षमता है
मत झाँक तू इधर-उधर, बेबस क्यों बनता है
संकल्प से सफलता है, नही तो विफलता है
अपने विश्वास को, क्यों कमजोर समझता है
तेरे पास कदम है, जरा सा छलांग लगाना है
निडर होकर तुझको, बस हौसला दिखाना है
मन में हार नही मानना है, तुझको जीतना है
सफलता तेरे पास है, मंजिल फतह करना है




अशोक पटेल 'आशु' तुस्मा, शिवरिनारायण




जयपुर। मिस टीन इंटरनेशनल 2025 का खिताब जीतने के बाद भावुक हुई स्पेन की लोरेना रुईज । इस सौंदर्य प्रतियोगिता में 24 देशों की सुंदरियों ने हिस्सा लिया।

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए सुखद रहेगा। आज आप अपने कारोबार में अच्छा लाभ कमायेंगें। आज आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी बड़ी कम्पनी में जॉब करने का मौका मिलेगा। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपको किसी काम में माता - पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।



**वृष राशि**

वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी, जूनियर भी आपसे इंस्पायर होंगें। आज आपका पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा, जिससे आपको भी खुशी मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों के अंतर्गत आपकी छवि मजबूत बनेगी। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, आगे चलकर आपको अच्छा लाभ होगा।




**मिथुन**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगें लेकिन खर्च की अधिकता रह सकती है, इसका ध्यान आपको रखना होगा। आज आपको नौकरी में ट्रांसफर से जुड़ी सूचना मिल सकती है । जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब होंगे।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज के दिन की शुरुआत आप नए तरीके से करेंगें, आप अपनी दिनचर्या में हेल्दी फूड शामिल करेंगें। आज बच्चे आपसे अपने मन की बात शेयर कर सकते हैं , आपको उन्हें प्यार से समझाना होगा 7 यदि आज आप शॉपिंग करने का प्लान बना रहें हैं तो पहले आप सामान की लिस्ट बना लें।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप अपने लिए रोजगार के नए अवसर तलाश करेंगें। आज आप अपने आपको काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप निजी जीवन से जुड़ें कुछ अहम् फैसले ले सकतें हैं , जिनका असर भविष्य में आपको देखने को मिलेगा। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगें जहां आपको मान - सम्मान की प्राप्ति होगी।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी से बात करते समय अपने शब्दों के ऊपर नियंत्रण बनाएं रखें। आज बच्चे आपके काम में हाँथ बटायेंगे, ये देखकर आपको प्रसन्नता होगी। आज आप किसी काम को पूरे डेडिकेशन के साथ करेंगें , जिसमें आपको सफलता मिलेगी। आज किसी की मदद से आपके सरकारी काम बन जायेंगें, जिससे आपको खुशी होगी।




**वृश्चिक**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं, साथ ही बड़ों की सलाह लेना भी उचित रहेगा। इस राशि के लेखक आज अपनी पुस्तक को पब्लिश करवा सकते हैं, जिसे लोगों के द्वारा बहुत पसंद किया जायेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी और आपकी सेहत पर इसका असर पड़ सकता है।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। आज आप टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर किसी काम को जल्द ही कम्पलीट कर लेंगें। आज आप अपना करियर मीडिया के क्षेत्र में बना सकतें हैं। इस राशि के प्राइवेट नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन मिलने के योग बन रहें हैं। आज वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा और आज आपको किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको धन लाभ के कई बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगें, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आप अपने पुराने कार्यों को कम्पलीट करके जल्द ही नए कार्यों की योजना बनायेंगें। आज आप बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल बना रहेगा। आज आप अपने बिजनेस को शिफ्ट करने से पहले उस जगह की अच्छे से जाँच पड़ताल कर लें। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा और आपकी सभी उलझने आज खत्म होंगी। आज आप बच्चों के साथ खेलना पसंद करेंगें, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आज आप माता - पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप फैक्ट्री को खोलने का विचार करेंगे, जिसमें आप भाई की सहायता ले सकते हैं। आज इस राशि के फैशन डिज़ाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको बिजनेस में ऑनलाइन माध्यम से बड़ा आर्डर मिल सकता है। आज आप अपने सपने को सच करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगें, जिसमें आपको परिवार का भी सहयोग मिलेगा।

# गलती छिपाने सहायक शिक्षक को किया निलंबित



ठेलकाडीह (दावा)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्राम मोहबा के ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र भेजकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्राथमिक शाला मोहबा में पदस्थ प्रधान पाठक नेतराम वर्मा द्वारा मासूम छात्रों के साथ अश्लील हरकतें और बैड टच जैसी घटनाएं की गईं। इसकी जानकारी ग्रामीणों और पालकों ने 7 अगस्त 2025 को संबंधित अधिकारियों को दी थी।

### कलेक्टर के निर्देश के बाद भी बहाली अटकी

### शिक्षक ने पहले ही दी थी सूचना

पूर्व सरपंच कामता प्रसाद साहू एव ग्रामीणों का कहना है कि वहां पदस्थ सहायक शिक्षक डिसम प्रसाद तिवारी ने घटना की जानकारी 2 अगस्त 2025 को ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दे दी थी। इसके बावजूद कार्रवाई करने की बजाय शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक को संरक्षण दिया और मामले को दबाने का प्रयास किया।

### शिकायतकर्ता शिक्षक पर हुई कार्रवाई

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उल्टे शिकायत करने वाले शिक्षक डिसम प्रसाद तिवारी को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया। यह निर्णय शिक्षा अधिकारी की विफलता छुपाने के उद्देश्य से लिया गया, जो पूरी तरह संदिग्ध है और इसकी जांच होनी चाहिए।

ग्रामवासियों ने बताया कि कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी ने 25 अगस्त तक निलंबित शिक्षक की बहाली का आश्वासन दिया था। लेकिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जानबूझकर प्रतिवेदन टालमटोल किया जा रहा है। यह रवैया अधिकारियों के निर्देशों की अवमानना है और संदेह को जन्म देता है।

### कठोर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष से गुहार लगाते हुए कहा कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा गंभीर कृत्य को संरक्षण देना, शिकायतकर्ता को दंडित करना और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवमानना करना घोर निंदनीय है। अतः उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# जिला महिला लोधी समाज ने तीज उत्सव धूमधाम से मनाया



खैरागढ़ (दावा)। जिला महिला लोधी समाज खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा पारंपरिक तीज उत्सव का भव्य आयोजन धनेली स्थित लुनिया फार्महाउस में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और महिलाओं के उत्साह व सहभागिता की सराहना की।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा से जुड़े इस पर्व का विशेष महत्व है। तीज उत्सव महिलाओं के लिए उल्लास आस्था और आत्मीयता का पर्व माना जाता है। कार्यक्रम में पारंपरिक खेल-प्रतियोगिताएँ जैसे रस्साखींच, खो-खो, कुर्सी दौड़, लंबी दौड़ आदि का आयोजन किया गया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके साथ ही भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी मनमोहक बना दिया।

### तीज पर्व नारी शक्ति के उल्लास और संस्कृति का प्रतीक- यशोदा वर्मा

मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि तीज पर्व नारी शक्ति के उल्लास आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। ऐसे आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं बल्कि समाज को एकजुट करने और महिलाओं को सशक्त बनाने का संदेश भी देते हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को समाज की रीढ़ बताते हुए शिक्षा आत्मनिर्भरता और नेतृत्व में आगे आने के लिए प्रेरित किया।

### विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा रहीं मुख्य अतिथि

इस अवसर पर जिला महिला लोधी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तुषारीका चंदेल, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, उर्मिला वर्मा, राधा जंघेल, कविता जंघेल, आरती महोबिया, फूलमती वर्मा (घुमका) सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं। पारंपरिक परिधान में सजी महिलाओं की भागीदारी ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया। रंग-बिरंगे परिधानों, गीत-संगीत और पारंपरिक खेलों के बीच छत्तीसगढ़ी संस्कृति की खूबसूरत झलक देखने को मिली।

### छत्तीसगढ़ी खान-पान की सादगी और स्वाद ने सभी को अपनेपन का एहसास कराया

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी विशेष आनंद लिया गया। महिलाओं ने पारंपरिक पकवान जैसे ठेठरी-खुरमी, अरीसा, चीला, फरा, चौसेला सहित कई स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। मेहमानों और प्रतिभागियों ने उत्सव के बीच इन व्यंजनों का लुत्फ उठाया। छत्तीसगढ़ी खानपान की सादगी और स्वाद ने सभी को अपनेपन का एहसास कराया।

कार्यक्रम का संचालन समाज की पदाधिकारिणियों द्वारा किया गया और आयोजन समिति ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। महिलाओं की उमंग और जोश से सराबोर यह आयोजन न केवल एक पर्व का उत्सव था, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का प्रयास भी था।

## पहला कॉलम...

### टटेंगा के छात्र डीपेश नवोदय विद्यालय दुधली के लिए चयनित



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला टटेंगा में अध्ययनरत डीपेश कुमार पिता खोबलाल माता लता बाई ग्राम टटेंगा के किसान परिवार से नवोदय विद्यालय दुधली के लिए कक्षा छठवीं में हुआ है। उन्होंने सफलता का श्रेय माता पिता एवं शाला के गुरुजनों, एसएमसी सदस्य शाला परिवार को दिया। प्रधान पाठक लिखन राम सर्पा, डीके मोहनमाला प्रधान पाठक, गायत्री देवांगन माध्यमिक शाला, खोमिन साहू मैडम, लिकेश्वरी भंडारी मैडम, संजय साहू सर, उपस्थित पिता खोबलाल माता लता बाई, जितेंद्र साहू, पेमिन साहू, नेमा बारला, चन्द्रप्रभा भुआर्य, अनुसुईया साहू, तामेश्वरी साहू, अनुसुईया साहू आदि द्वारा स्वागत सम्मान किया गया, आशिर्वाद दिया गया। उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### हिमेश देवांगन का आवासीय प्रयास विद्यालय में चयन



डोंगरगढ़/ढारा (दावा)। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ढारा के छात्र हिमेश देवांगन पिता दुर्गा राम देवांगन माता श्रीमती सरस्वती देवांगन निवासी ग्राम पंचायत करेला विकास खंड खैरागढ का चयन आवासीय विद्यालय प्रयास दुर्ग के कक्षा 11वी में चयन हुआ है। छात्र के प्रयास विद्यालय में चयन होने से गांव एवं विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र हिमेश द्वारा अपने इस सफलता का श्रेय बड़े पापा दानीराम देवांगन शिक्षक एवं माता-पिता सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को देते है। छात्र को बधाई देते हुए ग्राम के सरपंच टाकेशवर वर्मा, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि यादव ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला भाजयुमो खैरागढ़-छुईखदान, गंडई द्वारा बिहार प्रदेश के दरभंगा जिले में कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अपशब्द कहे जाने के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया, इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई साथ ही कार्यकर्ताओं में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के प्रति आक्रोश साफ नजर आ रहा था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह (बोनी), आलोक श्रीवास, नीलिमा गोस्वामी, शशांक ताम्रकार, लाल शौर्यादित्य सिंह, प्रेम सागर गुप्ता युवा मोर्चा खैरागढ़ शहर मंडल अध्यक्ष अनीश सिंह 'दादू', ऋषभ सिंह बघेल, मंजीत सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, अर्जुन क्षत्रिय, चंदू वर्मा, आकेश बर्मन, डोरेलाल साहू, शशांक साहू, ओमप्रकाश साहू, राकेश वर्मा, मुकेश वर्मा, हर्षदीप सिंह, शिवाश बहादुर, पवन सिंह, श्याम सुंदर साहू, पैमैन, जय प्रकाश साहू, नीलम राजपूत, वंदना ताड़ेकर, हर्षवर्धन वर्मा, राजेश देवांगन, रूपेंद्र देवांगन, भीष्म वर्मा, अजेन दशहरिया, जागेश्वर जंघेल, आकाश सिंह, योगेंद्र साहू, अजय वर्मा, मनीष ढीमर, गिरधारी दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टटेंगा में रजत जयंती सप्ताह का आयोजन



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में छत्तीसगढ़ के स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पाठ्य पुस्तकों का शुद्धता, स्पष्टता और शीघ्रता से वाचन किया गया। द्वितीय दिवस व्यावसायिक कौशल विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भगत, शास्त्री, पटेल और सुभाष नाम से चार सदनों में किया गया। जिसमें शास्त्री सदन के मयंक, जय कुमार, युगल की टीम ने सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रथम एवं भगत सदन से रुशम, कुसुम सिन्हा और तोजेश्वरी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के स्कोरर व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और रवि देवांगन थे। तृतीय दिवस विद्यार्थियों द्वारा अपने गांव का इतिहास लेखन किया गया। सभी कार्यक्रम प्राचार्य आर के देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित किए गए तथा संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु साहू, बिंदु पटेल एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का नहीं हर भारतीय माँ का अपमान किया है - गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विपक्षी नेताओं द्वारा की गई अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी ने न केवल राजनीतिक शिष्टाचार की मर्यादा को तार-तार किया है, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान किया है। कांग्रेस और राजद के मंच से इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग यह दर्शाता है कि सत्ता की लालसा में ये लोग अपने विवेक और संस्कृति को पूरी तरह खो चुके हैं।

राजनांदगांव जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष व खुज्जी शेडो विधायक गीता घासी साहू ने इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ की गई टिप्पणी केवल नरेंद्र मोदी पर नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीय माताओं के सम्मान पर आघात है। एक सामान्य भारतीय मां के संघर्षों, त्याग और संस्कारों से उपजा यह नेतृत्व आज भारत को वैश्विक पटल पर गौरवान्वित कर रहा है।

श्रीमती गीता साहू ने आगे कहा कि यह केवल राजनीतिक बयान बाजी नहीं बल्कि मानसिक दिवालियापन और गिरती हुई राजनीतिक सोच का परिचायक है। भारतीय राजनीति में विचारों का संघर्ष होता रहता है लेकिन व्यक्तिगत हमले और पारिवारिक अपमान का ऐसा निम्न स्तर पहले कभी नहीं देखा गया।

गीता साहू ने जनता से अपील करते हुए कहा कि बिहार की जागरूक जनता इस अभद्रता और नफरत की राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी देशवासी प्रधानमंत्री के साथ है और ऐसी अपमानजनक बयानों का लोकतांत्रिक जवाब देंगे। यह चुनावी नहीं, संस्कारों की लड़ाई है उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता देश की संस्कृति, माता के सम्मान और भारत की गरिमा की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ा है भारत की जनता ऐसे नेताओं को उनके ही शब्दों का जवाब देगी, वोट की चोट से।

# रिहायशी इलाके में घर के अंदर से न्यू स्कूटी की चोरी



डोंगरगांव (दावा)। शहर के रिहायशी क्षेत्र साकेतधाम के समीप लगातार चोरी और अन्य अवैधानिक गतिविधियां हो रही है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार पुलिस और थाने में सूचना दी गई है लेकिन कार्यवाही शून्य है। बीती रात भी चोरी की घटना हुई है, जिसमें घर के अंदर चोर ने नयी स्कूटी चुरा ले गए। पीड़िता संतोषी सोरी ने बताया करीब 15 दिन पहले नयी स्कूटी स्कूटी क्रमांक सीजी-08/बीई 8253 खरीद कर लाये थे। 2 सितंबर की रात्रि करीब सवा 1 बजे चोर घर के अंदर घुसे चाबी ली और स्कूटी लेकर भाग गए। सुबह उठने पर सीसीटीव फुटेज में दो लडक़े घर की तरफ आते दिखे और चोरी करने के बाद एक युवक स्कूटी लेकर डोंगरगाँव शहर की ओर चला गया, वहीं दूसरा युवक गली में चला गया। इस मामले में पीड़िता ने डोंगरगांव थाने में आवेदन दिया है। घटना से आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने बताया कि इससे पहले करीब 2 माह पूर्व भी मोहल्ले में चोरी की घटना हुई थी, वहीं सोमवार को एक युवक नदिया चाल में निवासरत छात्राओं के घर में घुस गया था। इस प्रकार की घटनाएँ मुहल्ले में लगातार हो रही है किन्तु डोंगरगांव पुलिस इन घटनाओं को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के हौसले बुलंद है। लोग इसका एक बड़ा कारण शहर में गस्त न होना भी मान रही है।

### लगातार हो रही है घटनाएं, पुलिस गस्त में सुस्त

> नदिया चाल के घर में युवक के घुसने की शिकायत थाने तक नहीं आयी है, स्कूटी चोरी के संबंध में एफआईआर हो गया है, फुटेज खंगाला जा रहा है और हमारे द्वारा लगातार गस्त को जा रही है।
>
> – जितेंद्र वर्मा, टीआई डोंगरगांव

# 25वीं शालेय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 2025 हेतु माहुद मचान्दुर के नौ छात्र-छात्राओं का चयन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। विगत 20 एवं 30 अगस्त 2025 को 'दुर्ग क्षेत्रीय शालेय क्रीड़ा योगासन चयन प्रतियोगिता 2025' का आयोजन तुलाराम आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के माहुद मचान्दुर, परसाटोला एवं आमाटोला के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। माहुद मचान्दुर से कु. अर्पणा रामटेके, कु. बुद्धरत्ना रामटेके, कु. प्रेरणा रामटेके, कु. लीना बाम्बेसर, कु. जिज्ञासा, हिमेश सुखदेवे, आरुष मेश्राम, कुनाल रावटे, आदित्य बोरकर, रितिक रामटेके एवं विवेक गजभिये, परसाटोला से कु. वंदना, कु. नोमीन सेवता, कु. वैशाली, कु. चांदनी, कु. चांदनी चन्द्रवंशी तथा आमाटोला से कु. डिम्पल चन्द्रवंशी और भावेश कुमार ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए माहुद मचान्दुर के कु. अपर्णा रामटेके, कु. बुद्धरत्ना रामटेके, कु. प्रेरणा रामटेके, आरुष मेश्राम, कुनाल रावटे, हिमेश सुखदेवे, आदित्य बोरकर, रितिक रामटेके, विवेक गजभिये तथा परसाटोला की कु. वंदना चन्द्रवंशी और आमाटोला के भावेश कुमार ने 25वीं शालेय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 2025 में प्रवेश सुनिश्चित किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी फत्तेराम कोसरिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी विनोद कुमार हथेल, प्राचार्य आर.डी. कोसरिया सहित समस्त स्टाफ एवं ग्रामीणों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिभागियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अशोक कुमार साहू प्रधान पाठक, रितुरेखी (पीटीआई), पुष्पलता कुंजाम (पीटीआई) तथा बी.आर. यादव के कुशल मार्गदर्शन को दिया गया।

# गायत्री परिवार ने चलाया नशा उन्मूलन व वृक्षारोपण अभियान



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में स्थानीय गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ अंबागढ़ चौकी के कार्यकर्ताओं द्वारा शताब्दी वर्ष स्वर्ण जयंती के अंतर्गत विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम करमतरा में नशा उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रेरक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय हाईस्कूल करमतरा के छात्र-छात्राओं व गुरुजनों की उपस्थिति में नशा उन्मूलन रैली से हुई। बच्चों ने पूरे गांव में जनजागरण करते हुए नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में प्रेरक उद्बोधन आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने, श्रेष्ठ नागरिक बनने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु माता के नाम पर पौधा लगाने की प्रेरणा दी गई।

गायत्री शक्तिपीठ अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष मुकुंदराम निषाद ने विशेष उद्बोधन देते हुए कहा कि, युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए। अंत में शाला के प्राचार्य ने गायत्री परिवार के इस अभियान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम करमतरा से अश्वनी, रमेश, तथा कोडेमरा से चैन सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

# ग्राम डिलापहरी में ग्राम सभा का गठन

### ग्रामीण हित में लिए गए अहम फैसल



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम डिलापहरी में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्रामसभा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सदस्यों का गठन किया गया। बैठक में ग्रामीण हितों की रक्षा व अनुशासन बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण नियमों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

ग्राम सभा के अध्यक्ष पद पर गेस नारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर सचिव सहदेव वर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश वर्मा को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही सदस्य गण में गोविंद नारायण वर्मा, सरपंच उमेश वर्मा, छत्र कुमार वर्मा पंच, दिनेश वर्मा, जितेश्वर यादव, रेखा लाऊत्रे, थानुराम साहू, गेंदराम साहू, परसराम वर्मा, मनसुख नेम, नरेंद्र वर्मा, खेलन वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा और अरुण वर्मा शामिल किए गए।

यदि कोई ग्रामीण अपने पालतू पशुओं को गौठान की जगह खेतों में छोड़ता है और वे किसी अन्य के खेत में पाए जाते हैं, तो पशु मालिक से रूपये 500 का दंड लिया जाएगा। इसमें रूपये 300 पकड़ने वाले को तथा रूपये 200 ग्राम सभा को जमा करना होगा। दंड नहीं देने पर ग्राम सभा द्वारा रूपये 1000 का अतिरिक्त दंड लगाया जाएगा। शराब पर रोक यदि कोई व्यक्ति स्कूल परिसर या किसी सरकारी परिसर में शराब पीते पाया गया, तो उस पर भी दंड लगाया जाएगा। सूचित करने वाले को रूपये 300 और रूपये 200 ग्राम सभा को जमा होंगे। धनराशि देने से इंकार करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इन निर्णयों को सर्वसम्मति से पारित किया।

# रामपुर में नए सब स्टेशन की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन - विभा साहू



- अर्जुनी बिजली ऑफ़िस की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन
- घरेलू पंप कनेक्शन अलग करने रामपुर में नवीन सभी स्टेशन एवं स्टाफ़ बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन
- बिजली की समस्याओं से परेशान प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पाँच अर्जुनी की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू के नेतृत्व में आज अर्जुनी बिजली ऑफ़िस से जुड़े समस्याओं को लेकर कलेक्टर ज्ञापन सौंपा गया। श्रीमती साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अर्जुनी बिजली ऑफ़िस बहुत बड़े क्षेत्र 34 गाँव को बिजली प्रदान करती है जिसके अंतर्गत दो सब स्टेशन आते हैं। अर्जुनी सब स्टेशन व सोनेसरार सब स्टेशन आते हैं। जिसमें केवल तीन नियमित कर्मचारी है जो की अर्जुनी बिजली आफिस क्षेत्र में आने वाले गाँव को देखते हुए बहुत कम है। जिसके चलते फाल्ट सुधारने व मेंटेनेंन्स के करने में लाइनमैन को 1-2 दिन का समय लग जाता है। क्षेत्र के पंप कनेक्शन एवं घरेलू कनेक्शन भी एक साथ होने के कारण निरंतर बिजली से संबंधित समस्या लो वोल्टेज एवं बिजली गुल आए दिन गाँव में होती रहती है। जिनसे ग्रामीण जनता परेशान है। रामपुर फिडर में 11 गाँव है। एक ही फ़ीडर से ग्यारह गाँव को विद्युत सप्लाई के चलते लाइन 40 से 50 किलोमीटर लंबा होने के कारण एक गाँव में फाल्ट होने की स्थिति के चलते पूरे ग्यारह गाँव के लाइट को बंद किया जाता है। साथ ही रामपुर फ़ीडर के सभी पोल खेतों में होने की वजह से ढूंढने व सुधारने में कई दिन लग जाते हैं। श्रीमती साहू सहित उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधियों ने कलेक्टर साहब को अर्जुनी ऑफ़िस को सौंपा सुचारु रूप अर्जुन ने बिजली ऑफ़िस को सुचारु रूप से चलाने व ग्रामीण जनता को इन समस्याओं से निजात दिलाने नियमित कर्मचारियों की संख्या बढ़ाये जाने, पंप कनेक्शन एवं घरेलू कनेक्शन दोनों को अलग किए जाने तथा रामपुर में नए सब स्टेशन स्थापित कर रामपुर के 11 गाँव को 3 फ़ीडर में बाँटे जाने की माँग की। जिस पर कलेक्टर साहब ने नए सब स्टेशन की माँग को पूर्ण करने की बात कही। ज्ञापन सौंपने क्षेत्र के जनपद सदस्य रेशम लाल साहू, जनक सिन्हा सरपंच भूपेन्द्र साहू, रेखा निषाद, चाँदनी साहू डिकेश्वरी राणा, सूर्यकांत साहू, मोहन साहू, संजय साहू, संजय भट्टाचार्य, संजू कौशिक, देवा साहू, लिखन साहू, तोमेश साहू, गजेंद्र साहू, संदीप यादव, लिलेश्वर साहू, लोकप्रकाश साहू, डाकेश्वर साहू, कोमल साहू, रेखचंद साहू, ममता साहू आदि उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## शुगर मिलों और डिस्टिलरी को गन्ने से एथेनॉल बनाने की पूरी अनुमति

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 2025-26 मार्केटिंग वर्ष में शुगर मिलों और डिस्टिलरी को एथेनॉल उत्पादन के लिए किसी भी प्रकार की मात्रात्मक सीमा नहीं होगी. यह मार्केटिंग वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलेगा. इस फैसले का उद्देश्य देश में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देना और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को गति देना है.

फूड मंत्रालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, शुगर मिलों और डिस्टिलरी को इस दौरान गन्ने के रस, शुगर सिरप, बी-हेवी और सी -हेवी मोलासेस से एथेनॉल बनाने की अनुमति दी गई है. मंत्रालय ने यह भी बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ मिलकर शुगर के एथेनॉल उत्पादन में उपयोग को नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी, ताकि घरेलू बाजार में चीनी की आपूर्ति में कोई बाधा न आए.

सन्दर्भ के तौर पर, चालू ईएसवाई 2024-25 में सरकार ने 40 लाख टन चीनी को एथेनॉल उत्पादन के लिए डायवर्ट करने की अनुमति दी थी. इस बार की नीति से उम्मीद है कि एथेनॉल उत्पादन और मिश्रण में वृद्धि होगी, जिससे देश के ईंधन सुरक्षा लक्ष्यों को भी बल मिलेगा. ईंधन में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल के साथ एथेनॉल का मिश्रण बेचती हैं. वर्तमान ईएसवाई 2024-25 में ओएमसी ने 31 जुलाई 2025 तक औसत 19.05 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण हासिल किया है.

## डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ रुपया

मुंबई। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 6 पैसे गिरकर 88.16 पर खुला. लगातार विदेशी फंड आउटफ्लो और डॉलर की मजबूत मांग ने घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला. सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड इन्ट्राडे लो 88.33 पर पहुंच गया था, लेकिन बंद होने से पहले 88.10 पर थमता दिखा.

विदेशी मुद्रा विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय व्यापार तनाव भारत की मुद्रा और शेयर बाजार की स्थिरता पर असर डाल रहे हैं. अमेरिका ने एशियाई निर्यातकों में सबसे अधिक टैरिफ लगाए हैं, जिससे भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही है. पिछले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.4 अरब डॉलर निकाले, जिससे मुद्रा और इक्विटी बाजारों में अस्थिरता देखने को मिली.

इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.14 पर खुला और गिरकर 88.16 पर आ गया. डॉलर इंडेक्स, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.08 प्रतिशत बढ़कर 97.84 पर पहुंच गया. वहीं, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.45 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है. सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के एमडी अमित पाबरी ने कहा कि रुपया 88.50 के आसपास प्रतिरोध और 87.50 के आसपास समर्थन स्तर पर है. उन्होंने बताया कि अमेरिकी टैरिफ मुद्दे अनसुलझे हैं, इसलिए जोखिम कमजोर रुपया होने की दिशा में अधिक है.

## क्रेग मैकमिलन न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की बनी कोच

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रेग मैकमिलन को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्रेग मैकमिलन न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के फुल टाइम असिस्टेंट कोच बन गए है। 48 साल के मैकमिलन पिछले एक साल से पार्ट-टाइम कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे थे। उन्होंने पिछले साल८श्व में खेले गए महिला ञ्20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के साथ भी काम किया था। मैकमिलन बल्लेबाजी और फील्डिंग विभाग में हेड कोच बेन सॉयर के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। उनका कार्यकाल आधिकारिक रूप से इस सप्ताह से शुरू हो गया है। फुल-टाइम कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद उन्हें अपने मीडिया कार्य और दुनिया भर की अन्य कोचिंग जिम्मेदारियों से पीछे हटना होगा।

क्रेग मैकमिलन ने न्यूजीलैंड के लिए 55 टेस्ट और 197 ह्रष्ठद्ब मैच खेले और 7000 से ज्यादा रन इंटरनेशनल क्रिकेट में बनाए। साल 1997 में डेब्यू करने वाले मैकमिलन करीब 10 सालों तक न्यूजीलैंड की टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने 24 अप्रैल 2007 को श्रीलंका के खिलाफ आखिरी मैच खेला था। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 77 विकेट भी झटके। मैकमिलन ने कहा कि न्यूजीलैंड महिला टीम के साथ इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। महिला क्रिकेट लगातार तरक्की कर रहा है और वह प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम जारी रखने के लिए उत्सुक हैं।

# श्रीलंका के खिलाफ टी20आई सीरीज के लिए टीम का ऐलान, 38 साल के ऑलराउंडर की 1 साल बाद वापसी



नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट टीम इस समय जिम्बाब्वे में है और ODI सीरीज एकतरफा जीतने के बाद अब टी20आई सीरीज खेलने के लिए तैयार है। श्रीलंका की टीम जिम्बाब्वे दौरे पर 3 मैचों की टी20आई सीरीज खेलेगी, जिसका 3 सितंबर से आगाज होगा। इस सीरीज के लिए मेजबान जिम्बाब्वे ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। जिम्बाब्वे ने श्रीलंका के खिलाफ 16 सदस्यीय टीम का चयन किया है। टीम की कमान धाकड़ ऑलराउंडर सिकंदर रजा को सौंपी गई है। सिकंदर इससे पहले न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ ट्राई सीरीज में कप्तानी करते नजर आ चुके हैं। हालांकि, उस सीरीज में टीम को अपने सभी चारों मैचों में हार का मुंह देखना पड़ा था।

इस टी20आई टीम में अनुभवी ऑलराउंडर सीन विलियम्स की लंबे समय बाद वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 12 मई 2024 को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था। अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर भी टीम में वापसी कर रहे हैं, जिन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप से लंबे समय तक बाहर रहने के बाद टी20आई टीम में वापस बुलाया गया है।

ब्रैड इवांस और तदिवानाशे मारुमानी को भी टीम में जगह दी गई है। वहीं, पिछले महीने न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ ट्राई सीरीज में खेलने न्यूमैन न्यामहुरी, वेस्ली मधेवेरे, विंसेंट मसेकेसा और तफदजवा त्सिगा को टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। श्रीलंका के खिलाफ टी20आई सीरीज के तीनों मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। यह सीरीज इस महीने के अंत में हरारे में आयोजित होने वाले ICC मेन्स टी20 वर्ल्ड कप अफ्रीका क्वालीफायर से पहले जिम्बाब्वे की तैयारी के लिहाज से काफी अहम मानी जा रही है।

श्रीलंका के खिलाफ टी20आई सीरीज के लिए जिम्बाब्वे की टीमः सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ब्रैड इवांस, ट्रेवर ग्वांडू, क्लाइव मदांडे, टिनोटेन्डा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, ब्रेंडन टेलर, सीन विलियम्स।

जिम्बाब्वे की टीम को हाल ही में 2 मैचों की ODI सीरीज में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका ने दोनो ODI में जिम्बाब्वे को बहुत बुरी तरह हराया था। पहले मैच में जिम्बाब्वे को 7 रन और दूसरे मुकाबले में 5 विकेट हार का मुंह देखना पड़ा था।

# अफ़ग़ानिस्तान में आए विनाशकारी भूकंप में 1,400 से ज्यादा लोगों की मौत



नई दिल्ली। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद का कहना है कि 6.0 तीव्रता के भूकंप से सबसे ज़्यादा प्रभावित कुनार प्रांत में कम से कम 1,411 लोग मारे गए हैं।

एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि कम से कम 3,124 अन्य घायल हुए हैं जबकि 5,400 से ज़्यादा घर नष्ट हो गए हैं। रविवार की देर रात आए भूकंप ने अफगानिस्तान में बड़ी तबाही मचाई है जिसमें कई गांव तबाह हो गए हैं। कुनार प्रांत का एक गांव, ग़ाज़ियाबाद का नामो निशान मिट गया है। लोगों का कहना है कि, ÷मलबे के नीचे अभी भी लोग दबे हुए हैं, लेकिन मलबा हटाकर लापता लोगों को निकालने का कोई साधन नहीं है।÷ अफ़ग़ानिस्तान पृथ्वी के सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्रों में से एक में स्थित है, जहां हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला उथले और गहरे, दोनों तरह के भूकंपों का केंद्र है। यह क्षेत्र भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच स्थित होने के कारण अत्यधिक सक्रिय है। परिणामस्वरूप, उत्तरी अफ़ग़ानिस्तान के पामीर-हिंदू कुश क्षेत्र में तीव्र भूकंप आते हैं, जिनकी गहराई 200 किमी (124 मील) तक पहुंच जाती है - जो विश्व स्तर पर एक दुर्लभ घटना है।

## पाकिस्तान के आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नईदिल्ली, 02 सितंबर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। 33 वर्षीय आसिफ ने स्पष्ट किया कि वह घरेलू क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रैंचाइजी लीगों में खेलना जारी रखेंगे। वह 2022 में हुए टी-20 विश्व कप के फाइनल और 2021 के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पाकिस्तानी टीम का अहम हिस्सा रहे थे। आइए उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

आसिफ ने अपने संन्यास के मौके पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरवपूर्ण अध्याय रहा है। उन्होंने 2018 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। वह आखिरी बार 2023 में पाकिस्तान की जर्सी में नजर आए थे। वह एशिया कप 2023 में आखिरी बार खेलते हुए दिखे थे। आसिफ ने पाकिस्तान से 21 वनडे मैच खेले थे, जिसमें 25.46 की औसत और 121.65 की स्ट्राइक रेट के साथ 382 रन बनाए थे।

उन्होंने 3 अर्धशतक भी लगाए थे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 58 मैच खेले थे, जिसमें 133.87 की स्ट्राइक रेट के साथ 577 रन बनाए थे। वह कोई अर्धशतक नहीं लगा सके थे। वह पाकिस्तान की ओर से कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल सके थे।

# सरकार से नाराज पैरालंपिक मेडलिस्ट का बड़ा ऐलान, अर्जुन अवॉर्ड्स लौटाने का किया फैसला

**नई दिल्ली। भारत का नाम रौशन करने वाले मध्य प्रदेश के पैरालंपिक एथलीट कपिल परमार और प्राची यादव सरकार से नाराज हैं। दोनों खिलाड़ियों ने अर्जुन पुरस्कार लौटाने का मन बना रहे हैं। पैरा जूडो खिलाड़ी कपिल परमार और पैराकेनो एथलीट प्राची यादव ने भारत का मान इंटरनेशनल लेवल पर बढ़ाया था। लेकिन अब तक दोनों खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी नहीं मिल पाई है। ऐसे में अब दोनों खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़े आरोप लगा दिए हैं।**



पैरा जूडो खिलाड़ी कपिल परमार ने 2024 पैरालंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह भारत के लिए पहला पैरालंपिक मेडल जीतने वाले खिलाड़ी भी बने थे। इसके अलावा उन्होंने 2019 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में गोल्ड और 2023 में ग्रैंड प्रिक्स में गोल्ड और 2023 में विश्व खेलों में कांस्य पदक जीता था। वहीं 2022 में एशियाई पैरा खेलों में उन्होंने रजत पदक जीता था। उनके शानदार प्रदर्शन के बाद सरकार ने उन्हें 2024 में अर्जुन पुरस्कार दिया था।

वहीं प्राची यादव ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक में भाग लिया था। वह इस मामले में देश की पहली पैराकेनो एथलीट भी बनी थीं। प्राची ने साल 2022 में पैरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। प्राची को भी मध्य प्रदेश सरकार ने विक्रम पुरुस्कार से सम्मानित किया था।, जबकि 2023 में उन्हें अर्जुन पुरुस्कार से नवाजा गया था।

कपिल परमार ने द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि इस पूरे मामले को दबा दिया गया है। जब एमपी में शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने मुझे 1 करोड़ के अलावा सरकारी नौकरी देना का वादा किया। उस समय मुझे डीएसपी पद देने के लिए कहा गया था। हालांकि इसके बाद मुझे 50 लाख रुपये मिले। लेकिन नौकरी नहीं मिली। पिछले 1 महीने से मैं अधिकारियों को फोन मिलाने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन कोई भी फोन का जवाब नहीं दे रहा है। इसके अलावा मुझे कोई भी सरकारी कार्यक्रम में नहीं बुलाता।

## मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है.अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया है. 35 वर्षीय स्टार्क संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे.



उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जून 2024 में भारत के खिलाफ विश्व कप में खेला था. स्टार्क ने टी20 के सबसे छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए 65 मैचों में 79 विकेट लिए हैं. वह वर्तमान में एडम जम्पा के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं.

स्टार्क ने संन्यास लेते हुए कहा, टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है. मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच, खासकर 2021 विश्व कप के हर पल का आनंद लिया है. सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय टीम में थे और इस दौरान जो मजा आया.

स्टार्क ने आगे कहा, 2027 में भारत के खिलाफ टेस्ट दौरे, एशेज और वनडे विश्व कप को देखते हुए, मुझे लगता है कि इन अभियानों के लिए तरोताजा फिट और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर बने रहने का यह मेरा सबसे अच्छा तरीका है. इससे गेंदबाजी टीम को उस टूर्नामेंट से पहले के मैचों में टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाता है.

स्टार्क का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 65 टी20 मैचों में 79 विकेट चटकाए हैं. इस दौरान उनका बेस्ट प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट रहा है.

## भारत के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए पैट कमिंस

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे में खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिससे वह फिलहाल उबर रहे हैं। इसके साथ-साथ ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिंस अक्टूबर 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा भी नहीं होंगे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि स्कैन में फ्रैक्चर नहीं आया है, लेकिन हड्डी में खिंचाव इतना ज्यादा था कि उन्हें आराम की जरूरत पड़ी है। नवंबर 2021 में कप्तानी संभालने के बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में काफी जिम्मेदारी संभाली है। इस दौरान चोट के कारण उन्होंने सिर्फ 2 टेस्ट मैच नहीं खेले हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब भी जीता था।

कमिंस ने वेस्टइंडीज के दौरे पर हुए तीनों टेस्ट में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने 5 पारियों में गेंदबाजी की। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कैरेबियाई दौरे पर कुल 60 ओवर किए थे, जिसमें 18.12 की औसत के साथ 8 विकेट लिए थे। वह एक भी पारी में 5 विकेट हॉल हासिल करने में नाकाम रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज को क्लीन स्वीप किया था।

कमिंस हाल के दिनों में ऑस्ट्रेलिया के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, लेकिन पीठ की चोटों से उनका पुराना नाता रहा है। अपने करियर के शुरुआती सालों में भी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह क्रिकेट से दूर रहे थे। 2017 में पूरी तरह वापसी करने के बाद से कमिंस ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण में लगातार मौजूद रहे हैं, और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले 20 टेस्ट मैचों में से केवल 1 में नहीं खेले हैं।

ऐसी उम्मीद है कि कमिंस इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाली प्रतिष्ठित एशेज सीरीज में वापसी करेंगे।

## शेष प्रथम पेज का...

**5.3 तीव्रता के भूकंप के झटकों....**

मलबे के नीचे दबे रहे। फगानिस्तान में लगातार भूकंपों के लिए इसकी भौगोलिक स्थिति सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। दरअसल, अफगानिस्तान ठीक उस जगह पर स्थित हैं, जहां दो सक्रिय प्लेट्स- इंडियन प्लेट और यूरेशियन प्लेट मिलती हैं। यह दोनों प्लेट्स आपस में काफी टकराती हैं, जिससे क्षेत्र में भूकंप की स्थिति बनी रहती है।

**बीआरएस में सियासी घमासान....**

राव पर कर रहे हैं। कविता ने सोमवार को कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर भी तीखा हमला बोला। कहा, कांग्रेस सरकार केवल केसीआर का नाम जपती रहती है। बाढ़ जैसी गंभीर आपदा में भी वह लोगों की मदद करने में नाकाम साबित हो रही है। कविता ने मेडिगड्डा कालेश्वरम परियोजना को तेलंगाना के लिए बड़ी संपत्ति बताया। कहा, कुछ लोगों द्वारा इसे बदनाम किया है। कविता ने कहा, केसीआर ने कभी धन की परवाह नहीं की, लेकिन आज उनके कुछ करीबी लोग खासकर हरिश राव और पूर्व सांसद मेगा कृष्ण रेड्डी के कारण उनकी छवि पर भ्रष्टाचार का दाग लग रहा है। कविता ने कहा, मैं केसीआर की बेटी हूं। हमेशा निष्पक्षता और इमानदारी से अपनी बात रखती रहूंगी। कविता ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की तस्वीर तब तक अखबारों में नहीं छपती, जब तक कि वे केसीआर का नाम नहीं लेते। कहा, तेलंगाना के पिछड़े समुदायों को बिहार चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ प्रचार करने भेजूंगी। ताकि, लोगों को पता चल सके कि कैसे तेलंगाना में उनके आरक्षण को नजरअंदाज किया जा रहा है। कविता ने कहा, मेरे पिता (केसीआर) को यदि सीबीआई जांच का सामना करना पड़ा तो वे मोती की तरह शुद्ध साबित होंगे। हालांकि, उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि अगर केसीआर को ही जांच का सामना करना पड़ेगा तो पार्टी का क्या मतलब रह जाएगा। फिलहाल, केसीआर और उनके बेटे केटीआर अपने फार्महाउस पर हैं। जबकि, कविता अपने आवास पर हैं, वह किसी से मुलाकात नहीं कर रहीं। हरिश राव या संतोष राव की ओर से मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई। हरिश राव के खिलाफ कालेश्वरम मामले में जांच चल रही है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि के. कविता के ये बयान बीआरएस के भीतर तनाव को और बढ़ा सकते हैं। इससे लोकसभा चुनाव के बाद भी पार्टी के लिए मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं।

**ट्रम्प के सलाहकार बोले-मोदी को....**

बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। सोमवार को चीन के तियानजिन में एससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं को एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए भी देखा गया। इसके अलावा पीएम मोदी द्विपक्षीय बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन की कार में ही सवार होकर गए। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक गोपनीय बातचीत हुई। इन तस्वीरों को ट्रम्प के खिलाफ तीनों देशों की एकजुटता के तौर पर पेश किया गया। बैठक में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए। इससे पहले भी नवारो ने ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में रूस-यूक्रेन जंग को मोदी की जंग बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा- भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं। नवारो ने कहा था कि अगर आज भारत, रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो अमेरिका कल से उसका 25 प्रतिशत टैरिफ खत्म कर देगा। पीटर नवारो को ट्रम्प अपना सबसे करीबी सलाहकार मानते हैं। नवारो ने ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में उनकी व्यापार नीति बनाई थी। ट्रम्प सरकार की आर्थिक नीतियां नवारो ही बनाते हैं। नवारो 2016 में ट्रम्प सरकार से जुड़े थे। इससे पहले वे 1994 से 2016 तक डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए नीतियां बनाते रहे। कहा जाता है कि वे पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और बराक ओबामा के अनौपचारिक सलाहकार रह चुके हैं।

**गृहमंत्री शाह से मिले सीएम साय....**

शर्मा भी मौजूद रहे। वहीं दिसंबर 2023 से अब तक सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्रवाई के परिणामस्वरूप 453 माओवादी न्यूट्रलाइज़ किए गए हैं। इसी अवधि में 1616 माओवादियों की गिरफ्तारी तथा 1666 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सीएम विष्णु देव साय ने बस्तर में हाल ही में आई बाढ़ की स्थिति पर भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित को जानकारी दी।

**चुनाव आयोग ने पवन खेड़ा....**

की मतदाता सूची में पंजीकृत होना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत दंडनीय अपराध है। इसलिए आपको निर्देश दिया जाता है कि आप कारण बताएं कि उक्त अधिनियम के तहत आपके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने वोट चोरी पर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए पवन खेड़ा पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि पवन खेड़ा ने दो निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करा रखा है। उन्होंने खेड़ा के दो पहचान पत्र नंबर भी साझा किए थे। इनमें एक नंबर जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में है और दूसरा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में, जो क्रमशः पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा, कांग्रेस बड़ी वोट चोर है। इसीलिए इसके नेता सभी को एक ही ब्रश से कलंकित करना चाहते हैं। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा और मांग की कि चुनाव आयोग इस बात की जांच करे कि खेड़ा के पास दो सक्रिय ईपीआईसी नंबर कैसे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए कि क्या उन्होंने कई बार मतदान किया, जो चुनावी कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है।

**भारत का पहला स्वदेशी स्पेस.....**

यूनिट में 180-नैनोमीटर CMOS तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। 'विक्रम 3201' को पहले ही PSLV-C60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने PSLV Orbital E&perimental Module के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट SPARC V} RISC आर्किटेक्चर पर आधारित है और ओपन-सोर्स टूलचेन को सपोर्ट करता है। इसके अलावा इसरो ने चार और स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी पेश किए हैं, जिनमें दो Reconfigurable Data Acquisition Systems, Relay Driver IC और एक Multi-Channel Low Drop-out Regulator IC शामिल हैं। ये सभी उपकरण भारत की आयात निर्भरता कम करेंगे। स्पेस-ग्रेड प्रोसेसर आमतौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं होते और इन्हें विदेशों से आयात करना पड़ता है। 'विक्रम 3201' के साथ भारत ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। इससे सप्लाई चेन बाधाओं और आयात निर्भरता में कमी आएगी। इसरो ने इसके लिए पूरा सॉफ्टवेयर ईकोसिस्टम भी तैयार किया है, जिसमें एडीए कंपाइलर, असेंबलर, लिंकर्स, सिमुलेटर और डेवलपमेंट एनवायरनमेंट शामिल हैं। ईसरो के मुताबिक, जल्द ही ष्ट कंपाइलर भी तैयार किया जाएगा। तीन दिन चलने वाले सेमिकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रोसेसर लॉन्च के साथ ही सरकार ने बताया कि देश में 5 नए सेमीकंडक्टर यूनिट्स का निर्माण हो रहा है। डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत भारत अब वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थान बनाने की ओर बढ़ रहा है।

**मनोज जरांगे ने तोड़ा अनशन,मराठा....**

कोकाटे और शिवेंद्र राजे भोसले की अगुवाई में एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें एक मसौदा सरकारी संकल्प (त्नक्र) सौंपा गया, जिसमें हैदराबाद गजट को लागू करने और मराठों को कुणबी के रूप में मान्यता देने का वादा किया गया। सरकार ने सतारा और पुणे-औंध गजट के लिए एक महीने का समय मांगा, क्योंकि इनमें कुछ कानूनी जटिलताएं हैं। इसके साथ ही, प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मामले वापस लेने और मराठा युवाओं के परिवारों को मुआवजा देने पर भी सहमति बनी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को मराठा प्रदर्शनकारियों को आजाद मैदान खाली करने का सख्त निर्देश दिया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति आरती साठे की पीठ ने प्रदर्शन को पूरी तरह अवैध करार देते हुए कहा कि 50,000 से अधिक लोगों की भीड़ ने शहर को ठप कर दिया है। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की निष्क्रियता की भी आलोचना की और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली नहीं हुआ, तो अवमानना और जुर्माने सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरांगे ने अपने समर्थकों को शांतिपूर्ण रहने और कोर्ट के निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा, हमने कोई कानून नहीं तोड़ा। हमारी जीत हुई है और हम रात 9 बजे तक मुंबई खाली कर देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह सरकार के प्रस्ताव को विशेषज्ञों की एक टीम से जांचने के बाद ही अंतिम फैसला लेंगे, ताकि पिछले आंदोलनों की तरह कोई धोखा न हो। जरांगे ने सरकार को दो महीने का समय दिया है, जिसमें सभी मराठों को कुणबी प्रमाणपत्र जारी करने और अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की है। इस आरक्षण ने मुंबई के दक्षिणी हिस्से विशेष रूप से आजाद मैदान, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और मरीन ड्राइव को बुरी तरह प्रभावित किया। हजारों प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने यातायात को ठप कर दिया, जिसके चलते मुंबई पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की थी। व्यापारियों ने भी इस आंदोलन से हुए नुकसान की शिकायत की थी। बृहन्मुंबई नगर निगम ने प्रदर्शनकारियों के लिए 300 से अधिक शौचालय और 25 पानी के टैंकर की व्यवस्था की थी। इस आंदोलन ने मराठा समुदाय की एकजुटता को दर्शाया, लेकिन साथ ही राजनीतिक तनाव भी बढ़ाया।

# डोंगरगढ़ में पर्युषण महापर्व पर उल्लेखनीय कार्यों के लिए सामाजिकगणों का किया सम्मान

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री दिगम्बर जैन समाज का पर्युषण महापर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष ब्रह्मचारी श्री आधिश भैया जी शाहगढ़ मध्यप्रदेश के सानिध्य में उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य एवं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का सार नित्य पूजन, अभिषेक, शांतिधारा, प्रवचन, प्रश्न मंच, आरती, भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समझाया। इन दिनों बच्चों से लेकर युवक एवं बुजुर्गों में धार्मिक क्रियाओं एवं कार्यक्रमों में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

इस वर्ष पर्युषण पर्व के चौथे दिन श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के तत्वाधान में समाज जन में से अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये उनको समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। सेठ सिंघई किशोर जैन को चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र एवं संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रति उनके श्रद्धा एवं समर्पण के लिये विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सुशील जैन, प्रदीप जैन, विनोद जैन, सुभाष चन्द जैन एवं सुधीर जैन (राहुल जैन) को प्रतिदिन मंदिर जी में अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं सभी धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी गरिमामय उपतिथि एवं सभी प्रकार से सहयोग प्रदान कर सभी धार्मिक आयोजनों को सफल बनाने के लिये विशेष रूप से सम्मानित किया गया।




सम्पूर्ण भारत में ख्याति प्राप्त निखिल जैन विशेष रूप से सम्मानित किए गए

सम्पूर्ण भारत में ख्याति प्राप्त निखिल जैन विशेष रूप से सम्मानित किए गए

निखिल जैन को उनके संगीत और गुरु भक्ति एवं भजन के लिये सम्पूर्ण भारत में ख्याति प्राप्त होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कु. वंशिका जैन सुपुत्री साक्षी अमित जैन को कक्षा बारहवी में 83.60 त्र प्राप्त करने पर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कु.भव्या जैन सुपुत्री संचिता स्व. मनोज जैन को कक्षा दसवी में 85.60 प्रति प्राप्त करने पर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा सभी को तिलक लगाकर, माला-साल पहनाकर एवं श्रीफल, स्मृति के लिये मोमेंटो भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

किशोर भैया जिन्हें जैन समाज का 'लौह पुरुष' कहा जाना चाहिये - अनिल जैन अध्यक्ष

इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि यह सम्मान करने कि परमपरा से हमें बहुत हर्ष होता है कि हमारे समाज के बीच में ही ऐसे-ऐसे प्रतिभावान जन उपस्थित है जिनको सम्मानित कर हमें गर्व होता है। किशोर भैया जिन्हें जैन समाज का 'लौह पुरुष' कहा जाना चाहिये। जिन्होंने तन, मन, धन से गुरु सेवा एवं चंद्रगिरी तीर्थ और साधू, आर्यिकाओं के सेवा के लिये हमेशा तत्पर और समर्पित रहते हैं। सुशील भैया प्रतिदिन भक्ति भाव से मंदिर जी में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन कर सभी युवाओं को भी प्रेरित करते हैं। प्रदीप भैया प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे मंदिर आकर भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन कि पूरी तैयारी करते हैं जिससे सभी को इसका लाभ मिलता है और वे अपना नित्य सभी कार्य समय पर ही संपन्न करते हैं। विनोद भैया का स्वास्थ्य कितना भी ख़राब क्यों न हो वे प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन जरुर करते हैं और हमेशा बड़ी शांतिधारा करने कि प्रेरणा देते हैं। सुभाष भैया भी प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन करते हैं और इनकी सभी साधुओं और आर्यिकाओं के प्रति सेवा भाव रहता है और चलने में कितनी भी तकलीफ होने पर भी अपनी एक्टिवा से विहार में अपना योगदान देते हैं। मंदिर का विशाल शिखर, स्वर्ण कलश एवं ध्वजा इनके अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपने कार्य काल में संपन्न कराया था। सुधीर भैया (राहुल जैन) हमेशा भगवान कि शोभा यात्रा के लिये अपनी गाडी समाज को उपलब्ध कराते हैं और समय-समय पर इनका विशेष सहयोग भी समाज को मिलता रहता है। इसके पश्चात पांच वर्ष तक के बच्चों का फैन्सी ड्रेस का कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन एवं सचिव सुरेश चन्द जैन ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये उपस्थित सभी साधर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आगे भी इसी प्रकार से सबके सहयोग कि अपेक्षा व्यक्त की। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) ने दी।

## ग्राम शिकारी महका में भूमि पूजन में शामिल हुए भोलाराम साहू



जोंधरा (दावा)। ग्राम पंचायत शिकारीमहका विकास खण्ड छुरिया में सी.सी.रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। अपने उद्बोधन में श्री साहू जी ने ग्रामवासियों, आगंतुको के सुगम आवागमन सुविधा के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनांए दिए, तथा स्वागत भेंट के लिए उन्होंने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किए।

## ग्राम कसारी के ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री पर लगाम के लिए पुलिस में लिखित शिकायत की

डोंगरगढ़/मोहरा(दावा)। अवैध कारोबारी से परेशान होकर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी मोहरा में कर अवैध कार्य में संलग्न व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कसारी के ग्रामीणों ने मोहरा चौकी प्रभारी ढाल सिंह साहू को लिखित शिकायती आवेदन पत्र दिया है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा उल्लेख किया गया है कि बीते रविवार को 11 बजे गांव में बैठक रखा गया था।



अनावेदक किराया के मकान में रहकर,कर रहे है अवैध कार्य

इस बीच बैठक में ग्राम कसारी निवासी देवेंद्र वर्मा आया और सभी ग्रामीणों व प्रबुद्ध लोगों से गाली गलौज करने लगा। इस बीच देवेंद्र की पत्नी तीजकुंवर बाई भी बैठक में पहुंच गई और दोनों पति-पत्नी द्वारा मिलकर बैठक में मौजूद ग्रामीणों से जमकर गाली गलौज किये। पूर्व में भी दोनों पति पत्नी द्वारा ग्रामीणों से गाली गलौज करके बेवजह झगड़ा करने की बात शिकायत पत्र में लिखी गई है।

### किराये के मकान में खुले आम अवैध शराब का व्यवसाय

ग्राम कसारी में अवैध शराब बिक्री करने वालों का नाम सहित लिखित शिकायत एवं कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अवैध शराब की बिक्री इन दिनों बढ़ चुकी है। गांव में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों का नाम उजागर करते हुए ग्रामीणों ने ग्राम कसारी निवासी 3 लोगों का नाम सार्वजनिक किया है। जिसमे तिजकुंवर बाई पवन श्रीवास लोकेश साहू का नाम शामिल है। वही बाहरी व्यक्तियों द्वारा गांव में किराए का मकान लेकर अंडा भुजिया चखना दुकान के आड़ में अवैध शराब बिक्री किए जाने किये जाने का भी खुलासा ग्रामीणों द्वारा किया गया है। जिसके कारण गांव के सभी चौक चौराहों व गलीङ्कमोहल्लों में शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है। शराबियों का जमावड़ा निरंतर बने रहता है। जिसके कारण आए दिन गांव की बहू-बेटियों स्कूली बच्चों को विवादों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब के सौदागरों पर पुलिस एवं आबकारी विभाग से उचित कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग का बोरी स्कूल में सोलो डांस सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल का 'सोलो डांस' प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में दिनांक 31 अगस्त को कक्षा 1 से 5 के बच्चों ने अपना-अपना परफार्मेंस दिया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक डांस की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें नए व पुराने सुप्रसिद्ध गीतों के साथ देशभक्ति एवं भजन गीतों की धून पर आकर्षित डांस करते हुए बच्चों ने उपस्थित पालकों, दर्शकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का मन मोह लिया।




कार्यक्रम कर शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने नृत्य से संबंधित विभिन्न बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा किए जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है क्योंकि, नृत्य एक साधना है, नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। नृत्य एक कला है वैसे ही जीवन जीना भी एक कला है। साथ ही साथ श्री वाजपेयी ने कहा कि जीवन और नृत्य एक दूसरे के पूरक हैं। इसके साथ ही साथ वाजपेयी जी ने पालकों का बहुत-बहुत आभार जताया कि उन्होंने अपने बच्चों को इस कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया एवं उन्हें आकर्षित वेशभूषा से सुसज्जित किया एवं बच्चों के मनोबल को बढ़ाने में पालकों की विशेष सहभागिता रही। प्रतियोगिता में कक्षावार छात्रों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न करायी गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान में चयनित छात्र-छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टरगण श्रीमती सोनल बाजपेयी, श्रीमती रेणु बाजपेयी, श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, कु.कुंतल बाजपेयी व एनबीआईएस-बोरी प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एनपीपीएस. प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हैड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग, स्नेहा तिवारी मैम, एनएफएस हैडमिस्ट्रेस श्रीमती मधुजा शास्त्री सहित सभी स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

## अस्ट्रशील परिसर में वर्षावास माह पर बौद्ध धम्म वंदना



डोंगरगढ़ (दावा)। अस्ट्रशील परिसर में वर्षावास माह पर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज काम्बले की ओर से बौद्ध धम्म वंदना उपासिका लुसिना मेश्राम के संग सामूहिक रूप से करायी गई।इस अवसर पर श्री काम्बले को प्रमोसन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई।तथा प्रसादी वितरित किया गया। आज परिसर में विशेष रूप से सुजाता महिला मंडल वार्ड नं.2 के उपासक/उपसिकायें उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्रीमती अनुपमा लांडगे ने धम्म आचरण किये जाने बाबत वक्तव्य दिया, अनिल लांडगे ने भीम गीत गायन किया, अस्ट्रशील महिला मंडल अध्यक्छा श्रीमती उज्ज्वला श्यामकर ने बाबा साहेब के योगदान को बताया, उसी तरह सुजाता महिला मंडल की अध्यक्छा श्रीमती सविता मेश्राम द्वारा धम्म जागरुकता धम्म सहयोग संबंधित आहव्वन किया गया, श्रीमती प्रीति मेश्राम के द्वारा कविता एवं धम्म व्यखान दिया गया, श्रीमती नम्रता मेन्डे सुंदर ने भीम गीत गाया तथा श्रीमती करुणा गजभीये के द्वारा भी एक भीम गीत प्रस्तुति दी गई,सुजाता महिला मंडल द्वारा सामूहिक मंगल मैत्री गीत गाया गया द्यमंच संचालन मिलीन्द वैध द्वारा किया गया।

## छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

मोहला (दावा)। आज छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक जिला मुख्यालय में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में जिलेभर से आए सभी साथियों की उपस्थिति और सहयोग ने संगठन की एकजुटता व शक्ति को और सशक्त बनाया।



जिला अध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेलवाल ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह केवल कार्यकारिणी का गठन नहीं है, बल्कि आने वाले संघर्षों और अधिकारों की लड़ाई के लिए हमारा मजबूत संकल्प है। अब हमें और संगठित होकर, एक आवाज में अपनी बात रखने और हर चुनौती का डटकर सामना करना होगा।'

बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें निम्नलिखित साथियों को दायित्व राजेन्द्र खण्डेलवाल- जिला अध्यक्ष, दीपक शर्मा- संरक्षक/सलाहकार, दिव्यांशु बंसोड़-जिला उपाध्यक्ष, योगेश सलामें- जिला सचिव, वीरेंद्र मडामें- कोषाध्यक्ष, श्रीमती प्रीतिबाला चंद्रवंशी- जिला अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती भारती चंद्रवंशी - जिला मीडिया प्रभारी, हेमंत कोमरे- जिला संगठन सचिव, डीकेश्वर सहारे - जिला सहसचिव, कृष्णा लाल मालेकर - जिला सह सलाहकार, हितेश चौहान - कार्यकारिणी सदस्य, मीना कुमारी चंद्रवंशी - कार्यकारिणी सदस्य, सुकल सिंह छेदाम- कार्यकारिणी सदस्य, रोशन नेताम- कार्यकारिणी सदस्य, नोहर दास साहू - कार्यकारिणी सदस्य सौंपा गया है। बैठक का समापन संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी समय में संघर्ष के हर मोर्चे पर एकजुट होकर खड़े रहने के संकल्प के साथ किया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद के लिए 17 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत बसंतपुर वार्ड क्रमांक 46 के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद पर भर्ती हेतु 17 सितम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## दिग्विजय महाविद्यालय में 'हीलिंग हर्ब्स' ए प्रैक्टिकल वर्कशॉप ऑन नेचुरल वेलनेस' विषय पर हुई कार्यशाला

राजनांदगांव(दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'हीलिंग हर्ब्स- ए प्रैक्टिकल वर्कशॉप ऑन नेचुरल वेलनेस' विषय पर रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 1 एवं 2 सितम्बर 2025 को आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के सहसंयोजक युनुस रजा बेग द्वारा पौधा देकर किया गया।



कार्यक्रम के संयोजक डॉ. डाकेश्व 'कुमार वर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा रखी एवं मंच संचालन डॉ. प्रियंका सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत एवं प्रारंभिक उद्बोधन दिया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सीखने की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। प्राचार्य के प्रेरणादायी शब्दों ने पूरे आयोजन का माहौल ऊर्जावान बना दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेदिक पद्धतियों की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता के रूप में जे.ए.सी.एस. राव (सेवानिवृत्त आईएफएस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ ट्राइबल लोकल हेल्थ ट्रेडिशन्स एवं मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड, रायपुर (छ.ग.) ने 'औषधीय पौधे- स्वास्थ्य और समृद्धि हेतु भविष्य की संभावनाएं' विषय पर व्याख्यान दिया। प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, प्राध्यापक, शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) ने 'लीच थेरेपी- प्राकृतिक रोग उपचार हेतु एक पारंपरिक पद्धति' विषय पर आमंत्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् वैद्य गणपत राम प्रभाकर ने 'आयुर्वेदिक उपचार पद्धति से किडनी सम्बंधी रोगों का निवारण' पर अपने विचार साझा किए।

द्वितीय तकनीकी सत्र में वैद्य ओमप्रकाश यादव ने 'आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों द्वारा परंपरागत चिकित्सा पद्धति' पर व्याख्यान दिया। इसके बाद डॉ. मेघराज वर्मा (बी.ई.एम.एस.) ने 'रसोई चिकित्सा, आयुर्वेद एवं इलेक्टरोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति' विषय पर अपना संबोधन दिया। प्रथम कार्यशाला दिवस का समापन पैनल चर्चा के साथ हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने औषधीय पौधों और प्राकृतिक उपचार पद्धतियों की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

## जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ कलार समाज का तीज मिलन समारोह लाल बहादुर नगर में सम्पन हुआ

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम लाल बहादुर नगर में छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज महिला मंच जिला राजनांदगांव का तीज मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हजारों महिलाओं ने अपनी सहभागिता निभाई कार्यक्रम में महिलाओं अनेकों प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें दूरदराज से महिलाए शामिल हुई। नगर पंचायत क्षेत्र लाल बहादुर नगर मंडल बहुउद्देशीय भवन में आयोजित तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में जिला पंचायत्र के अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष महिला बंच की प्रमिला सिन्हा, उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिल पंचायत सदस्य श्रीमती शिला सिन्हा, सभापति प्रशांत कोड़ापे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा,नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू सहित पार्षदगण भी उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे देव पूजन से प्रथम सत्र में खुर्सी दौड़, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाना, गीत-संगीत व पारंपरिक खेल का आरंभ हुआ साथ ही तीज क्वीन प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी रही। गीत संगीत के बीच यह कार्यक्रम चलता रहा, तीज मिलन समारोह में महिलाओं के उत्साह वर्धन के लिए बच्चे बुजुर्ग, युवा सभी शामिल हुए कार्यकम में अतिथियों का सम्मान किया।



प्रदेश महिला मंच अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए कार्यक्रम के संबद्ध में जिला प्रचार प्रसार मंत्री पवन सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि समाज की महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने व आशीर्वाद प्रदान करने जिले संरक्षक ठाकुर राम सिन्हा, अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, महिला मंच अध्यक्ष निर्मला सिन्हा समेत कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित आयोजन में मुख्य रूप में पधारे छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रदेश महामंत्री रिखिराम सिन्हा, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. बिसंभर सिन्हा, प्रदेश वरिष्ठ भाजपा उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद डडसेना, राजनितिक प्रकोष्ठ सदस्य एकनाथ सिन्हा, महिला मंच संरक्षक किरण सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा, प्रदेश महामंत्री त्रिवेणी सिन्हा, राजनांदगाव जिलाध्यक्ष शिव शंकर डडसेना, महामंत्री गंगा राम सिन्हा, महिला मंच कार्यकारिणी सदस्य अनीता सिन्हा, उषा सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य युवा मंच जिलाध्यक्ष लुकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष टीकम सिन्हा, एल.बी नगर मंडल महिला मंच अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा, राजनांदगांव जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता दागेन्द्र सिन्हा, ग्राम कोटरासरार के महिला सरपंच धनेश्वरी जनक सिन्हा, ग्राम गिरगांव तिलेश्वरी गिरधारी सिन्हा के महिला सरपंच एवं समस्त राजनांदगाव जिला एवं ग्राम के महिलाओं व महिला प्रमुख ग्राम प्रमुख यह कार्यक्रम में शामिल हुए।

## शराब दुकानों में कैशलेस प्रणाली शुरु होने से शराब की अवैध बिक्री को मिलेगा बढ़ावाः राम साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री राम साहू ने सरकार द्वारा शराब दुकानों में लेन-देन प्रक्रिया को पूरी तरह कैशलेस किए जाने की तैयारी को अवैध शराब की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए की जा रही एक गैर जरूरी व्यवस्था बताया है। राम साहू ने कहा कि शराब दुकान में नकद सिस्टम बंद होने से गरीब, मजदूर वर्ग अधिक प्रभावित होंगे। अधिकतर लोग स्मार्ट फोन नहीं चलाते। ऑनलाइन भुगतान सुविधा की जानकारी भी नहीं रखते।



हमाल, कुली कबाड़ी के काम करने वाले मजदूर वर्ग के लोग अधिकतर प्रतिदिन शराब का सेवन करते हैं। ऐसे लोग शराब दुकानों में जाएंगे तो उन्हें शराब नहीं मिलेगी और वे मजबूरी में कोचियों का सहारा लेंगे। अवैध शराब विक्रेता आन लाइन भुगतान कर बड़ी मात्रा में शराब इकट्ठा करेंगे तथा उसे अधिक दर पर अवैध रूप से बेचेंगे। यही नहीं, ऑनलाइन भुगतान सुविधा शुरू होने से शराब दुकान के आसपास मौका परस्त लोग इसका फायदा उठाएंगे।

जो लोग ऑनलाइन रूप से शराब खरीदने में असमर्थ होंगे उनसे अधिक राशि लेकर ऐसे लोग दुकानों से शराब खरीद कर उन्हें उपलब्ध कराएंगे। कहीं. कहीं ना कहीं इस व्यवस्था से आम जनता को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा ऑनालाइन प्रक्रिया गृह कलेश को भी जन्म देगा। डिजिटल भुगतान से शराब में खर्च राशि की जानकारी परिवार के सदस्यों को होने पर लड़ाई. झगड़ा का कारण भी बनेगा। अमर अरूण ने कहा कि डिजिटल भुगतान से अनेक समस्याएं सामने आएगी। गाँवों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट कनेक्शन कमजोर रहता है। यूपीआई फेल होना, सर्वर डाउन होना आम समस्याएं है। गाँवों के अधिकतर लोग स्मार्ट फोन नहीं चलाते, छोटे दुकानदार कैश लेते हैं, लेकिन सरकारी सिस्टम में यह आसान नहीं होती। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग नकद लेनदेन करते हैं। उनके बैंक खाते में राशि नहीं होती। साथ ही कई बार ऑनलाइन भुगतान करने के बाद भी दुकानदार को पेमेंट रिसीव नहीं होने की बात सामने आती है। ऐसे ग्राहक को डबल भुगतान कर दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने इससे पूर्व राशन वितरण प्रणाली को बायोमेट्रिक पद्धति से शुरू कराया था। जो काफी धीमी व पूरी तरह फेल साबित हुई। इसमें कई प्रकार की तकनीकी स4मस्याएं सामने आई। इसी प्रकार शराब दुकानों में भी कैशलेस सुविधा में काफी सारी खामिया आ सकती है। यदि सरकार शराब दुकानों का पूरी तरह डिजिटल भुगतान शुरू करना चाहती है तो इस सुविधा को पहले शहरी क्षेत्र के शराब दुकानों में शुरू किया जाए। जिससे माह भर के भीतर ही ऑनलाइन प्रक्रिया के सुविधा व असुविधाओं के बारे में पता चल सके। इसके पश्चात ही प्रदेश में शराब दुकानों को कैशलेस किया जाए।


राजनांदगांव (दावा)। लालबाग का सम्राट


राजनांदगांव (दावा)। लालबाग का राजा, सिंधी कॉलोनी


राजनांदगांव (दावा)। किन्नर कैलाश गुफा मोतीपुर


राजनांदगांव (दावा)। श्याम दरबार, लालबाग

# सड़क दुर्घटना में ट्रक ने मासूम को रौंदा-घंटों चक्काजाम

## शराबी ड्राइवर की लापरवाही से गई बच्चे की जान

## ग्रामीणों और परिजनों की मांग- पूर्ण शराब बंदी हो



डोंगरगांव (दावा)। भारी वाहन के ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दीवानभेड़ी में डेढ़ साल के बच्चे को रौंद दिया। इस घटना में बच्चे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ड्रायवर के द्वारा बीजाभांठा-दीवानभेड़ी रोड में भी कुछ लोग इसकी चपेट में आते-आते बच गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दीवानभेड़ी पंचायत कार्यालय के समीप चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण और बच्चे के पिता की मांग रही कि गांव-गांव में शराब बिक रहा है और यहां तो शराब बिक्री चरम पर है, इसे बंद होना चाहिए, शराब के कारण बच्चे की जान गई है।

मौके पर मिली जानकारी के अनुसार डेढ़ वर्षीय बच्चा प्रांजल साहू पिता शरद साहू घर से खेलते हुए बाहर आया और अपने दोस्तों के पास रोड तक पहुंच गया। इसी दौरान लापरवाहीपूर्वक 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी -08/एल 1686 चलाते हुए एवन साहू पिता सुंदरलाल साहू निवासी दीवानभेड़ी ने ग्राम पंचायत से 300 मीटर की दूरी पर बच्चे को कुचल दिया। मौके पर उपस्थित लोगों ड्रायवर को पकडक़र जमकर पिटाई की और डोंगरगाँव-तुमड़ीबोड़ मार्ग में घटनास्थल ग्राम दीवानभेड़ी में मासूम का शव रखकर चक्काजाम कर दिया। घंटों के इस चक्काजाम में मौके पर एसडीएम श्रीकांत कोराम, नायब तहसीलदार झरना राजपूत सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सीएसपी, तुमड़ीबोड़ टीआई तथा डोंगरगांव टीआई व पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

ग्रामीणों की मानें तो राइस मिल के संचालक जानबूझकर असंयमित ड्राइवरों को कम तनख्वाह में काम पर रखा है और इनमें से अधिकांश ड्राइवर शराब का सेवन कर गाड़ी चलाते हैं और इस घटना में शामिल ड्राइवर भी मिल से गाड़ी लेकर निकला था और बीच में रुककर शराब का सेवन कर आगे बढ़ा था और महज आधे किलोमीटर दूर गांव में यह दुर्घटना हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने कांकरिया पोहा व मुरमुरा उद्योग के मालिक को बुलवाने की मांग करते रहे। उनके आने के बाद लंबी बातचीत के बाद 4 लाख मुआवजा और शासन के नियमानुसार 25 हजार रुपए देने की बात पर सहमति बनी। जिसके बाद बच्चे के शव को पोस्टमार्टम हेतु पेंड्री मेडिकल कालेज भेजा गया, वहीं ग्रामीणों ने अंतिम समय तक अवैध शराब बिक्री बंद करने की मांग करते रहे ओर मौकै पर पुलिस के विरूद्ध नारे भी लगाए गए।

# नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता, चयनित समितियों को डॉ. रमन सिंह आज देंगे पुरूस्कार



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार गत वर्ष भी नगर निगम द्वारा गणेश पर्व प्रतियोगिता आयोजित किया गया था, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त गणेश समितियों को पुरूस्कृत किया जाना है। उक्त कार्यक्रम आज 3 सितम्बर बुधवार को अपरान्ह में विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई. रोड राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। जहॉ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे की उपस्थिति में चयनित समितियों को पुरूस्कृत करेंगे। पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि संस्कारधानी की परंपरानुसार गत वर्ष नगर में भव्य गणेश पर्व मनाया गया, गणेश पर्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झाकी प्रतियोगिता अ तथा ब वर्ग में आयोजित किया गया, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार प्राप्त गणेश समितियों को पुरूस्कार वितरण किया जाना है। महापौर श्री यादव ने बताया कि गणेश प्रतियोगिता पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम आज दिनांक 3 सितम्बर दिन बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई. रोड राजनांदगांव में अपरान्ह विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में सांसद संतोष पाण्डे सहित जनप्रतिनिधियों एवं निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। उन्होंने पार्षदों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है, इसके अलावा गणेश समिति के पदाधिकारियों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं से उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# जहरीला टमाटर खाने से 12 मवेशियों की मौत, 15 बीमार



**ग्रामीणों में आक्रोश, फार्महाउस संचालक पर लापरवाही का आरोप**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम बिटाल में सोमवार को दर्दनाक हादसा सामने आया। जहरीला टमाटर खाने से गांव के 12 मवेशियों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक मवेशी गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, ग्राम बिटाल स्थित एक फार्महाउस में टमाटर की खेती की गई थी। फार्महाउस संचालक ने खराब और सड़े-गले टमाटरों को तोड़कर फेंसिंग के बाहर फेंक दिया। चराई के दौरान गांव के मवेशियों ने इन टमाटरों को खा लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में 12 मवेशियों ने दम तोड़ दिया।

घटना से पूरे गांव में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि फार्महाउस संचालक की लापरवाही से निर्दोष मवेशियों की जान गई है। उन्होंने इसकी शिकायत अंबागढ़ चौकी थाने में दर्ज कराई है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और बीमार मवेशियों का इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने मजबूर होंगे।

# पोहा-मुरमुरा पर जीएसटी और मंडी शुल्क में राहत की मांग



**वोकल फॉर लोकल अभियान को मिलेगा बढ़ावा**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में व्यापारियों और कृषकों के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर पोहा-मुरमुरा पर जीएसटी और मंडी शुल्क में राहत देने की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुके इन उत्पादों को कर छूट मिलने से किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं–सभी को सीधा लाभ होगा। साथ ही 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अपील का हवाला देते हुए कहा कि घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पोहा-मुरमुरा पर कर राहत आवश्यक है। इससे किसानों को धान का बेहतर मूल्य मिलेगा और उपभोक्ताओं को सस्ते दाम पर उच्च गुणवत्ता का पोहा-मुरमुरा उपलब्ध होगा। प्रतिनिधि मंडल में कैट परिवार के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़िया, जिलाध्यक्ष राजू डागा, कृषक कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल समेत कई व्यापारी, उद्योगपति और किसान शामिल थे। उन्होंने याद दिलाया कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में पोहा-मुरमुरा पर मंडी शुल्क से छूट दी गई थी, जिससे राज्य के साथ देश-विदेश में भी इन उत्पादों की पहचान बनी। अब जीएसटी व मंडी शुल्क में राहत मिलने पर यह उद्योग और मजबूत होगा तथा किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं सभी को समान रूप से लाभ मिलेगा। प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि डॉ. सिंह की पहल से यह मांग शासन स्तर पर पहुंचेगी और प्रदेश हित में सकारात्मक निर्णय होगा। उक्त जानकारी कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया द्वारा दी गई।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, प्रोत्साहन राशि दिलाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थी।

# आज गंज मंडी बालाजी मंदिर से डोला यात्रा का शुभारंभ

**बालाजी मंदिर से शुभारंभ करेंगे कोमल सिंह राजपूत**

**रानी सागर में मधुसूदन यादव करेंगे अगुवानी**

राजनांदगांव (दावा)। भाद्रपद शुक्ल एकादशी, जिसे डोल ग्यारस के नाम से जाना जाता है के अवसर पर नगर में परंपरागत डोला यात्रा का आयोजन आज 03 सितम्बर को भव्य रूप से किया जाएगा। इस दिन नगर के विभिन्न मंदिरों में विराजमान भगवान राधा-कृष्ण एवं बालकृष्ण सज-धजकर डोले और रथों में नगर भ्रमण करते हुए रानीसागर में जल क्रीड़ा हेतु प्रस्थान करेंगे।

03 सितंबर, बुधवार को दोपहर 1:45 बजे तक श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री बलदेव राधाकृष्ण मंदिर (किला मंदिर), श्री राम जानकी बाला बाबा मंदिर, श्री मोतीनाथ मंदिर, श्री बलभद्री जमात मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्री स्वामी जुगलकिशोर बड़े जमात मंदिर, श्री नोनी बाई मंदिर तथा श्री जलाराम मंदिर से निकलने वाले सभी डोले पुरानी गंज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुंचेंगे।

यहां बालाजी मंदिर समिति द्वारा सभी देव प्रतिमाओं का स्वागत किया जाएगा।

भगवान की पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन राजगामी संपदा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष, मंडी उपाध्यक्ष एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व उनके साथियों द्वारा किया जाएगा।

इसके पश्चात वे स्वयं डोला उठाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, मंदिर समिति के रामावतार जोशी, सुरेश अग्रवाल, लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि डोला यात्रा गंज मंडी से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली, कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, फव्वारा चौक होते हुए जमात पारा से रानीसागर पहुंचेगी।

रानीसागर में डोलों की अगुवानी पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव व उनकी टीम द्वारा की जाएगी। यहां भगवान राधा-कृष्ण एवं बालकृष्ण को नौकाओं में विराजित कर जल क्रीड़ा कराई जाएगी।

नौका विहार के पश्चात सभी डोले पुनः अपने-अपने मंदिरों के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोजन समिति ने नगरवासियों, धर्मप्रेमी माताओं-बहनों एवं श्रद्धालु बंधुओं से अपील की है कि वे बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना में सम्मिलित होकर डोला यात्रा में भाग लें तथा अपने घर के सामने प्रभु का दर्शन, पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय की तीन शोध छात्राओं को पीएचडी की उपाधि



राजनांदगांव(दावा)। हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के मनोविज्ञान विभाग को गौरव प्राप्त हुआ है। यहां संचालित विश्व विद्यालय के एकमात्र मनोविज्ञान शोध केन्द्र से तीन शोध छात्राओं ने पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। इस आशय की जानकारी विभागाध्यक्ष एवं सह-शोध निर्देशक डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने दी।

उन्होंने बताया कि श्रीमती शम्पा गोस्वामी ने सोशल कॉम्पीटेंस, सोशल सपोर्ट, स्ट्रेस, जेंडर एवं लोकेल एस प्रेडिक्टर ऑफ स्मार्ट फोन एडिक्शन अमंग एडोलसेंट विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। उनके शोध निर्देशक सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई की सहायक प्राध्यापक डॉ. अंकिता देशमुख रहीं।

श्रीमती सुमिता सिंह ने लोकस ऑफ कंट्रोल, सेल्फ कॉन्सेप्ट एंड जेंडर एस प्रेडिक्टर्स ऑफ डिफेंस मेकनिज्म अमंग द एडोलसेंट विषय पर शोध कार्य किया। श्रीमती शालिनी वर्मा ने इमोशनल वायलेंस एंड कोपिंग स्ट्रेटेजीज एस प्रेडिक्टर ऑफ साइकोलॉजिकल वेल बीइंग ऑफ प्राइवेट स्कूल फीमेल टीचर्स विषय पर पीएचडी पूर्ण की। सुमिता सिंह एवं शालिनी वर्मा दोनों शोधार्थियों का निर्देशन डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, प्राचार्य, संस्कार कॉलेज ऑफ एजुकेशन, राजनांदगांव द्वारा किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं डीआरसी चेयरमेन डॉ. आलोक मिश्रा ने तीनों शोध छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है कि यहां शोध का माहौल सशक्त हुआ है और इससे स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं में भी शोध के प्रति रुचि बढ़ी है। डॉ. मिश्रा ने जानकारी दी कि वर्तमान में महाविद्यालय में 09 शोध छात्र पंजीकृत हैं, जो मनोविज्ञान विषय में सक्रिय रूप से शोध कार्य कर रहे हैं। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि जिले के लिए भी एक प्रेरणादायी संकेत है।




# छत्तीसगढ़ विद्युत ठेकेदार कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी गठित



**देवेश वर्मा बने प्रदेश अध्यक्ष एवं शशांक दास प्रदेश सचिव**

रायपुर (दावा)। प्रदेश के समस्त ए क्लास विद्युत ठेकेदार संघ की वार्षिक बैठक 30 अगस्त को होटल शिमर्स रायपुर में आयोजित किया गया, जिसमें संगठन के हितों के लिए विशेष चर्चा किया गया एवं विद्युत ठेकेदारों ने संगठन को एकजुट करने का संकल्प लेते हुए, छत्तीसगढ़ विद्युत ठेकेदार कल्याण संघ कार्यकारिणी का गठन किया। छत्तीसगढ़ के समस्त जिले से ठेकेदारों ने इस बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस बैठक में विद्युत ठेकेदारों से सर्वसम्मति से रायपुर के ठेकेदार देवेश वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा, साथ ही प्रदेश संगठन का नवीन पदाधिकारी चयन किया गया। इस बैठक में शशांक दास प्रदेश सचिव, सुनील रामटेके को सहसचिव, नवीन चंदेल विशेष सलाहकार, वजूद आलम को महासचिव, विकास दास को कोषाध्यक्ष, गोलू यादव को महामंत्री, नितेश राइचा को संगठन मंत्री, निंकेस व्यास को संचार मंत्री, रजनीकांत बंजारे को प्रदेश मीडिया प्रभारी, सौरभ सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी, हेमंत साहू को जगदलपुर अध्यक्ष एवं प्रदेश के सभी रीज़न से प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। दीपेश गुप्ता, शशांक दास, खलील अहमद, नंदू साहू, प्रदीप सिंह, दीपक फूलपगारे, नीतिज्ञ चौधरी, सतीश सोमनानी, दिलेश्वर साव, राजेश भारद्वाज, भारत सिन्हा, मयूर राठौर, विष्णु पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पिनकापार (कौड़ूटोला) में मंगलवार सुबह घरेलू विवाद ने एक बड़ी वारदात का रूप ले लिया। यहां रहने वाली 30 वर्षीय दामिनी साहू की हत्या उसके ही पति देवेंद्र कुमार साहू ने कर दी। जानकारी के अनुसार देवेंद्र कुमार साहू को अपनी पत्नी दामिनी पर चरित्र संदेह था। इसी शक के चलते मंगलवार सुबह करीब 6 बजे उसने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से दामिनी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही अंबागढ़ चौकी पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।




# धारदार हथियार से युवक पर हमला करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**ग्राम जंगलेसर में आरोपियों ने युवक को गाली-गलौज व चाकू से दी थी धमकी**

राजनांदगांव(दावा) निकटस्थ ग्राम जंग्लेसर मे एक युवक के साथ चाकू दिखाकर गाली- गलौज करने और धमकी देने वाले आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त कर बीएनएस व आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज की है। तथा बताया जाता है कि आरोपियों को न्यायालय ने पेश कर उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। बताया जाता है कि उक्त आरोपियों में से एक आरोपी लोकेश साहू निवासी लखोली वार्ड नं 32, आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिनके विरूद्ध थाना कोतवाली, जिला बालोद में पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसी कड़ी सोमवार 01 सितंबर को प्रार्थी शत्रुघ्न कुर्मी निवासी जंगलेसर पुलिस चौकी सुरगी द्वारा एक लिखित आवेदन पेश किया कि वह 1 सितंबर सोमवार को लगभग 2 बजे के आसपास ग्राम जंगलेसर से धामनसरा जाने वाली रोड मुंडन भवन के पास बैठा था और उसी समय गांव का धर्मेंद्र चंद्राकर उर्फ पम्मी अपने साथी लोकेश साहू, लोकनाथ साहू, धर्मेंद्र साहू अन्य दो लोगों के द्वारा रास्ता रोककर अश्लील गाली- गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए एक राय होकर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। पैसा देने से मना किये जाने पर धर्मेंद्र चंद्राकर उर्फ पम्मी, लोकेश साहू जो अपने पास रखे चाकू को निकाला और हम लोगों को पैसा नहीं दोगे तो तुम्हें चाकू से मार कर खत्म कर देंगे कहते हुए, धर्मेंद्र चंद्राकर अपने पास रखे चाकू को दाढ़ी में टिका दिए तथा धर्मेंद्र साहू, लोकेश साहू चाकू से मेरे पीठ और पैर में वार करने का प्रयास किया।प्रार्थी ने बताया कि धर्मेंद्र चंद्राकर और पम्मी के अन्य साथी लोकनाथ साहू और दो अन्य लोगों ने उनके साथ हाथ मुक्का और लात से मारपीट किए हैं। जिससे मुझे दाहिने कान, सीना, में चोट आई है की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सुरगी में अपराध क्रमांक 325/25 धारा 296, 115 (2),351(2), 119, 126, 190, 191 BNS 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया बाद में प्रार्थी शत्रुघ्न का जिला अस्पताल से मेडिकल मुलाहिजा कराया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com